लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

दैनिक

# अमन लेखनी



लाइफ स्टाइल.....



भाई ऐसे हो तैयार......

वर्ष : 11 | अंक : 231 | लखनऊ, 08 अगस्त, शुक्रवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# किसानों के हित के लिए व्यक्तिगत तौर पर कीमत चुकाने को तैयार हूं : पीएम मोदी

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत अपने किसानों, मछुआरों और डेयरी क्षेत्र से जुड़े लोगों के हितों से कभी समझौता नहीं करेगा और इसके लिए वह कोई भी कीमत चुकाने को तैयार हैं।

मोदी ने कहा, हमारे लिए किसानों का हित सर्वोपरि है। भारत किसानों, मछुआरों और डेयरी क्षेत्र से जुड़े लोगों के हितों से कभी समझौता नहीं करेगा। मेरा मानना है कि मुझे व्यक्तिगत रूप से इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी और मैं इसके लिए तैयार हूं।

प्रधानमंत्री प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक एम.एस. स्वामीनाथन की जन्मशती के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय वैश्विक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उनकी यह टिप्पणी अमेरिका द्वारा कृषि उत्पादों सहित भारतीय वस्तुओं पर शुल्क (टैरिफ) को 50 प्रतिशत तक बढ़ाने की घोषणा की पृष्ठभूमि में आई है। मोदी ने महान वैज्ञानिक स्वामीनाथन के सम्मान में एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया। स्वामीनाथन एक प्रसिद्ध भारतीय आनुवंशिकीविद् और कृषि वैज्ञानिक थे, जिन्हें 1960 के दशक में उच्च उपज वाली गेहूं की किस्मों और आधुनिक कृषि तकनीकों को प्रस्तुत करके भारतीय कृषि के क्षेत्र में क्रांति लाने में महत्वपूर्ण भूमिका के लिए जाना जाता है। उन्हें भारत में हरित क्रांति का जनक कहा जाता है। उनके कार्यों ने भारत में खाद्य उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि की और किसानों के बीच गरीबी को कम किया। स्वामीनाथन का जन्म सात अगस्त, 1925 को तमिलनाडु के कुंभकोणम में हुआ था और 28 सितंबर, 2023 को 98 वर्ष की उम्र में चेन्नई में उनका निधन हो गया।

## राज्यसभा सांसद कमल हासन ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, तमिलनाडु के राज्यसभा सांसद और अभिनेता-राजनेता कमल हासन ने गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। सांसद बनने के बाद यह उनकी पहली मुलाकात थी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बातचीत का विवरण साझा करते हुए, कमल हासन ने कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री से मिलने का सौभाग्य मिला और उन्होंने इस अवसर का उपयोग तमिलनाडु के लोगों की ओर से प्रमुख चिंताओं को प्रस्तुत करने के लिए किया। कमल हासन ने लिखा कि आज मुझे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। तमिलनाडु की जनता के प्रतिनिधि और एक कलाकार के रूप में, मैंने उनके समक्ष कुछ अनुरोध रखे, जिनमें सबसे प्रमुख था कीलाडी की प्राचीनता को मान्यता दिलाने में तेजी लाने का अनुरोध है। मैंने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि वे तमिल सभ्यता की भव्यता और तमिल भाषा के शाश्वत गौरव को दुनिया के सामने लाने में तमिल लोगों का सहयोग करें।

## खाई में गिरी सीआरपीएफ की बस, तीन जवानों की मौत, 15 घायल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के बसंतगढ़ इलाके में कंडवा के पास गुरुवार को एक वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के तीन जवानों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। 23 जवानों को ले जा रहा सीआरपीएफ का वाहन उधमपुर जिले में सड़क से फिसलकर एक नाले में गिर गया। यह घटना सुबह करीब 10:30 बजे कदवा इलाके में हुई जब सुरक्षाकर्मी बसंत गढ़ में एक ऑपरेशन से लौट रहे थे। यह वाहन बल की 187वीं बटालियन का था। दो जवानों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 16 अन्य घायल हो गए। सभी घायलों को तुरंत पास के एक अस्पताल ले जाया गया, जहाँ एक और जवान की मौत हो गई, जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर तीन हो गई। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सीआरपीएफ कर्मियों की मौत पर दुख व्यक्त किया है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल कार्यालय ने एक पोस्ट में कहा, उधमपुर के पास एक दुर्घटना में सीआरपीएफ कर्मियों की मृत्यु से दुखी हूँ। हम राष्ट्र के प्रति उनकी अनुकरणीय सेवा को कभी नहीं भूलेंगे। मेरी संवेदनाएँ शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूँ। वरिष्ठ अधिकारियों को सर्वोत्तम संभव देखभाल और सहायता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक्स को ट्वीट कर घटना पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कंदवा-बसंतगढ़ क्षेत्र में सीआरपीएफ के एक वाहन के साथ हुई सड़क दुर्घटना की खबर सुनकर व्यथित हूं। वाहन में सीआरपीएफ के कई बहादुर जवान सवार थे। मैंने अभी-अभी डीसी सुश्री सलोनी राय से बात की है, जो व्यक्तिगत रूप से स्थिति पर नजर रख रही हैं और मुझे जानकारी दे रही हैं। बचाव कार्य तुरंत शुरू कर दिए गए हैं। स्थानीय लोग स्वेच्छा से मदद के लिए आगे आए हैं। हर संभव मदद सुनिश्चित की जा रही है।

### मौसम

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

### बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 82,530.74

निफटी 25,062.10

## 26/11 के आरोपी राणा को कोर्ट से बड़ी राहत

### अपने परिवार से बात करने की मिली इजाजत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, दिल्ली की एक अदालत ने गुरुवार को 26/11 मुंबई हमले के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा को निजी वकील की नियुक्ति पर चर्चा के सीमित उद्देश्य के लिए अपने परिवार के सदस्यों से फोन पर बातचीत करने की अनुमति दे दी। अदालत के सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विशेष न्यायाधीश चंद्रजीत सिंह ने बंद कमरे में सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। वर्तमान में दिल्ली विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) के अधिवक्ता पीयूष सचदेवा राणा के कानूनी सहायता सलाहकार हैं। इससे पहले, तिहाड़ जेल अधिकारियों ने राणा के अपने परिवार के सदस्यों से टेलीफोन पर बातचीत करने के आवेदन का विरोध किया था। राणा कथित तौर पर 26/11 के मुख्य षड्यंत्रकारी डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाऊद गिलानी, जो एक अमेरिकी नागरिक है, का करीबी सहयोगी है। राणा को 4 अप्रैल को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा भारत प्रत्यर्पण के खिलाफ उसकी पुनर्विचार याचिका खारिज करने के बाद भारत लाया गया था।

## फर्जी तरीके से वोटिंग हो रही, चुनाव नतीजों पर राहुल गांधी ने जताया संदेह

### बोले- एग्जिट पोल कुछ और नतीजे कुछ और

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, कांग्रेस बिहार में एसआईआर को लेकर लगातार सवाल उठा रही है। इसी कड़ी में आज कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि सत्ता-विरोधी भावना हर लोकतंत्र में हर पार्टी को प्रभावित करती है। लेकिन किसी न किसी वजह से, लोकतांत्रिक ढाँचे में भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो मूल रूप से इस सत्ता-विरोधी भावना से ग्रस्त नहीं है। उन्होंने कहा कि एग्ज़िट पोल, ओपिनियन पोल कुछ कहते हैं, जैसा आपने हरियाणा चुनाव में देखा, मध्य प्रदेश चुनाव में देखा, और फिर अचानक नतीजे पूरी तरह से अलग दिशा में चले जाते हैं, और भारी उलटफेर होते हैं।

राहुल ने कहा कि इसमें हमारा अपना आंतरिक सर्वेक्षण भी शामिल है, जो काफी परिष्कृत है। तो, सर्वेक्षण हमें कुछ दिखा रहे थे, जनमत सर्वेक्षण हमें कुछ दिखा रहे थे, नियमित सर्वेक्षण हमें कुछ दिखा रहे थे, और अचानक हमें पता चल रहा है कि नतीजे उलटे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे संविधान की नींव इस तथ्य पर टिकी है कि एक व्यक्ति को एक वोट मिलता है। इसलिए, जब हम चुनाव की योजना बना रहे होते हैं, तो सबसे जरूरी बात यह होती है कि एक व्यक्ति, एक वोट का विचार कितना सुरक्षित है। क्या सही लोगों को वोट देने की अनुमति मिल रही है? क्या मतदाता सूची में फजी लोगों के नाम जोड़े जा रहे हैं? क्या मतदाता सूची सही है?

कांग्रेस नेता ने कहा कि पिछले कुछ समय से, जनता के बीच कुछ बातों को लेकर संदेह बना हुआ है। सत्ता-विरोधी भावना हर लोकतंत्र में हर पार्टी को प्रभावित करती है। किसी न किसी वजह से, भाजपा ही लोकतांत्रिक ढाँचे में एकमात्र ऐसी पार्टी लगती है जो सत्ता-विरोधी भावना से प्रभावित नहीं होती। उन्होंने कहा कि लाखों भारतीय सशंकित थे। भाजपा 'जादुई' तरीके से सत्ता विरोधी लहर से अछूती रही। भाजपा की भारी और अप्रत्याशित जीत का अंतर। जनमत और एग्जिट पोल बिल्कुल गलत। मीडिया द्वारा 'माहौल' निर्माण का आयोजन। चुनावी कार्यक्रम की योजना बनाई गई।

राहुल ने साफ तौर पर कहा कि वोटर लिस्ट पर चुनाव आयोग जवाब दे। उन्होंने कहा कि अब चुनाव की प्रक्रिया महीनों चलती है। वोटिंग के सीसीटीवी फुटेज डिलीट किए गए। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धांधली हुई। महाराष्ट्र में 40 लाख संदिग्ध वोटर, फेक वोटर्स कहां से आ रहे।

### संक्षिप्त समाचार

## इन्वेस्ट यूपी के पूर्व सीईओ के खिलाफ धनशोधन मामले में ईडी ने लखनऊ में छापेमारी की

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने निलंबित आईएएस (भारतीय प्रशासनिक सेवा) अधिकारी और इन्वेस्ट यूपी के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अभिषेक प्रकाश के खिलाफ धन शोधन के एक मामले में बृहस्पतिवार को यहां छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि कथित बिचौलिए निकांत जैन से जुड़े शहर में चार परिसरों की धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत तलाशी ली जा रही है। उन्होंने बताया कि जैन ने प्रकाश की ओर से कथित तौर पर रिश्वत मांगी थी। उन्होंने बताया कि जैन के घर के अलावा, उससे और उसके परिवार के सदस्यों से संबंधित कंपनियों के कार्यालयों के रूप में पंजीकृत दो परिसरों पर भी छापे मारे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि उस होटल में भी छापे मारे जा रहे हैं जिसमें उसके परिवार के सदस्य संयुक्त निदेशक हैं। इससे पहले जैन को उत्तर प्रदेश पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उत्तर प्रदेश सरकार ने 2006 बैच के आईएएस अधिकारी प्रकाश को इस साल मार्च में उस समय निलंबित कर दिया था जब सौर उद्योग के एक निवेशक ने जैन पर परियोजनाओं को मंजूरी दिलाने के लिए कमीशन मांगने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। हाल ही में इन्वेस्ट यूपी ने निवेश प्रोत्साहन प्रयासों की जिलावार निगरानी सुनिश्चित करने के लिए राज्य के 75 जिलों में उद्यमी मित्रों (यूएम) और जिला उद्योग केंद्रों (जीएम-डीआईसी) के महाप्रबंधकों को सौंपे गए कार्यों की व्यापक समीक्षा की थी। इन्वेस्ट यूपी ने शुक्रवार को बताया कि 46 दिनों की अवधि में, लखनऊ स्थित इन्वेस्ट यूपी मुख्यालय में आयोजित सत्रों में कुल 155 प्रमुख अधिकारियों–जिनमें जिला उद्योग केंद्रों के महाप्रबंधक और उद्यमी मित्र शामिल थे–ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

## मीडिया पर प्रतिबंध संबंधी आदेश हटाने के खिलाफ याचिका

### सुप्रीम कोर्ट में होगी सुनवाई

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, धर्मस्थल सामूहिक अंत्येष्टि मामले में मीडिया पर प्रतिबंध लगाने के कर्नाटक उच्च न्यायालय के हालिया फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर शुक्रवार को सर्वोच्च न्यायालय सुनवाई करेगा। यह याचिका धर्मस्थल मंदिर संस्थान के सचिव हर्षेंद्र कुमार डी ने दायर की है, जिन्होंने मामले की तत्काल सुनवाई के लिए सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। हालांकि सर्वोच्च न्यायालय ने आज मामले की कल सुनवाई के लिए सहमति व्यक्त की, लेकिन यह मामला अभी तक शुक्रवार की सुनवाई सूची में शामिल नहीं हुआ है।

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने पिछले शुक्रवार को निचली अदालत द्वारा मीडिया पर लगाए गए प्रतिबंध को ₹अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर असंवैधानिक प्रतिबंध करार देते हुए रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना ने कहा कि जनता के जानने के अधिकार को सीमित नहीं किया जा सकता, खासकर ऐसे मामले में जिसमें कथित संस्थागत विफलताएँ और संभावित आपराधिक गड़बड़ी शामिल हो। इस आदेश ने पहले यूट्यूब चैनल कुडले रैम्पेज सहित 338 व्यक्तियों और संस्थाओं को मामले से संबंधित किसी भी सामग्री को प्रकाशित या प्रसारित करने से रोक दिया था। कुडले रैम्पेज ने इस निषेधाज्ञा को चुनौती दी, जिसके बाद उच्च न्यायालय ने यह फैसला सुनाया। न्यायालय ने कहा कि निचली अदालत का एकतरफा आदेश पत्रकारिता पर घबराहट पैदा करने वाला था और सार्वजनिक जवाबदेही के मूल पर प्रहार करता था। याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिवक्ता ए वेलन ने इस फैसले को एक सशक्त पुष्टि बताया कि कानून का इस्तेमाल संस्थानों को जाँच से बचाने के लिए नहीं किया जा सकता। वेलन ने कहा कि यह मानहानि का मामला नहीं है; यह पारदर्शिता का मामला है। यह जीत सुनिश्चित करती है कि कहानी को दबाया नहीं जाएगा।

## हमारी नागरिकता छीनने की कोशिश कर रही डबल इंजन सरकार

### एसआईआर को लेकर ममता बनर्जी का वार

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की भाजपा की माँग के बाद, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को डबल इंजन वाली सरकार पर राज्य के लोगों की नागरिकता छीनने की कोशिश करने का आरोप लगाया। झारग्राम में जनता को संबोधित करते हुए, उन्होंने कहा कि मैं सोच रही हूँ, क्या हम वाकई आजाद हैं? मुझे उम्मीद है कि हमारी नागरिकता नहीं छीनी जाएगी। कृपया हमें इससे वंचित न करें।

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि 'डबल इंजन वाली सरकार' नागरिकों को रोहिंग्या बताकर उन्हें हिरासत में लेने और उन्हें वापस बांग्लादेश भेजने की कोशिश कर रही है। उन्होंने जन कल्याण पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय बार-बार अदालत जाने के लिए भाजपा की भी आलोचना की। बनर्जी ने कहा कि डबल इंजन वाली सरकार हमारी नागरिकता छीनने, हमें रोहिंग्या कहकर हिरासत में लेने और हमें वापस बांग्लादेश भेजने की कोशिश कर रही है। भाजपा हमेशा अदालत जाती है। मेरे पास 1912 का एक दस रुपये का नोट है, और वह बंगाली में लिखा है। फिर भी वे दावा करते हैं कि बंगाली भाषा है ही नहीं। इससे पहले, भाजपा सांसद और बंगाल प्रदेश अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने बंगाल की मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर उन्हें लगता है कि वे अवैध वोटों की मदद से जीत जाएँगी।

## ममता बनर्जी की सरकार में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई है: नड्डा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के काफिले पर राज्य पुलिस की मौजूदगी में हुए हमले के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की बृहस्पतिवार को आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि यह घटना राज्य में उनकी सरकार में कानून-व्यवस्था के पूरी तरह से ध्वस्त होने को दशार्ती है।

नड्डा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, अराजकता और राजनीतिक हिंसा की इस संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए ममता बनर्जी को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। पश्चिम बंगाल में महिलाओं के खिलाफ अपराधों को लेकर निकाली गई भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की रैली पर कुछ लोगों ने बुधवार को कथित रूप से पथराव किया और काले झंडे दिखाए। भाजपा ने इस घटना के लिए सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को जिम्मेदार ठहराया है।

नड्डा ने कहा, मैं पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी के काफिले पर कूचबिहार में तृणमूल के गुंडों द्वारा किए गए हमले की कड़ी निंदा करता हूं। इससे भी ज्यादा चिंताजनक बात यह है कि यह हमला राज्य पुलिस की मौजूदगी में हुआ जो ममता बनर्जी की सरकार में कानून-व्यवस्था के पूरी तरह से ध्वस्त होने की बात को स्पष्ट रूप से दशार्ता है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक निर्वाचित प्रतिनिधि पर हमला नहीं बल्कि लोकतंत्र पर भी हमला है। नड्डा ने कहा कि उन्होंने अधिकारी से बात की और स्थिति का जायजा लिया। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, अगर पश्चिम बंगाल में विपक्ष का नेता सुरक्षित नहीं है तो आम लोगों की दुर्दशा की केवल कल्पना ही की जा सकती है।

## गंगा यमुना और शारदा समेत कई प्रमुख नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्थित जल भरण क्षेत्र में व्यापक वर्षा होने से गंगा, यमुना और शारदा समेत राज्य की अनेक प्रमुख नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है। उफनती नदियों की बाढ़ से राज्य के अनेक जिलों के सैकड़ों गांवों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बलिया में बाढ़ के पानी में डूबने से एक लड़के की मौत हो गयी। मौसम विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, प्रदेश में मानसून सक्रिय है और अगले एक सप्ताह के दौरान पूरे राज्य में बारिश का सिलसिला कमोबेश जारी रह सकता है।

केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार को गंगा नदी कछला ब्रिज (बदायूं), गाजीपुर, छतनाग और फाफामऊ (प्रयागराज), बलिया, मिर्जापुर और वाराणसी में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। इसी तरह, घाघरा नदी अयोध्या और एल्गिन ब्रिज (बाराबंकी) में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। रिपोर्ट के अनुसार, यमुना नदी नैनी (प्रयागराज) में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। वहीं, भिनगा (श्रावस्ती) और राप्ती बैराज (श्रावस्ती) में राप्ती नदी का जलस्तर अब भी लाल निशान से ऊपर बना हुआ है। शारदा नहर पलियाकलां (लखीमपुर खीरी) में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है मगर अब इसका जलस्तर कम हो रहा है। नदियों की बाढ़ से राज्य के अनेक जिलों में जनजीवन पर बुरा असर पड़ा है।

प्रयागराज से प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले कई दिनों से जारी भारी बारिश के चलते खतरे के निशान से ऊपर पहुंचने के बाद गंगा और यमुना का जलस्तर बुधवार से कम शुरू हो गया है मगर सदर तहसील के 107 वार्ड और मुहल्ले अब भी बाढ़ के पानी से घिरे हैं। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) विनीता सिंह ने बताया कि नदियों का जलस्तर नीचे आने से लोग राहत महसूस कर रहे हैं, मगर सदर तहसील के अंतर्गत आने वाले 107 वार्ड एवं मोहल्ले बाढ़ से प्रभावित हैं जिनमें राजापुर, बेली कछार, चांदपुर सलोरी, गोविंदपुर, छोटा बघाड़ा और बड़ा बघाड़ा प्रमुख रूप से प्रभावित हैं। बलिया जिले में गंगा और सरयू नदी के जलस्तर में वृद्धि के कारण बाढ़ प्रभावित गांवों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

बलिया से प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक, हल्दी थाना क्षेत्र के पश्चिम टोला हल्दी गांव में आज बाढ़ के पानी में नहाने के दौरान 11 वर्षीय बालक युवराज गुप्ता की डूबने से मौत हो गई। उसके शव को गोताखोरों व पुलिस की सहायता से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जिला प्रशासन के बाढ़ नियंत्रण कक्ष के प्रभारी द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़े के अनुसार गंगा नदी का बृहस्पतिवार को सुबह आठ बजे जल स्तर 59 मीटर 86 सेंटीमीटर रहा, जो खतरे के निशान से दो मीटर 25 सेंटीमीटर अधिक है। सरयू नदी तुर्तीपार में खतरे के निशान से 14 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। जिला प्रशासन के अनुसार, बाढ़ से बलिया जिले के बलिया सदर और बैरिया तहसील मुख्य रूप से प्रभावित हैं।

बैरिया तहसील के कुल 17 राजस्व गांवों की तकरीबन 25 हजार की आबादीबाढ़ से प्रभावित है। वहीं, बलिया सदर तहसील क्षेत्र के 58 राजस्व गांव प्रभावित हुए हैं। साथ ही बलिया नगर पालिका क्षेत्र में कुल पांच वार्ड भी प्रभावित हुए हैं।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवती लापता, परिजनों ने बहला फुसला कर भगा ले जाने का लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र से बीते दिनों एक 19 वर्षीया युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी खोजबीन के बाद परिजनों ने बिजनौर के छुहारा खेड़ा में रहने वाले इंद्रजीत के खिलाफ बहला फुसला कर उसे भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बिजनौर थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला के मुताबिक उसकी 19 वर्षीया बेटी 4 अगस्त को दोपहर 1 बजे संदिग्ध हालत में गायब हो गई। काफी देर बाद भी न लौटने पर उसकी खोज शुरू की गई, लेकिन कहीं अता पता नहीं चल सका, पीड़िता का कहना है कि इसी बीच उसे जानकारी मिली कि इंद्रजीत उसे अपने साथ कहीं बहला फुसला कर भगा ले गया है। पीड़िता का कहना है कि बाद में उसने अपनी बेटी से संपर्क किया तो फोन पर उससे बात हुई और बेटी ने जल्द ही घर आ जाने की बात कही। लेकिन अभी तक वापस घर नहीं लौटी है। पीड़िता का कहना है कि अब उसकी बेटी को जान माल का खतरा होने का संदेह है। जिसकी सारी जिम्मेदारी इंद्रजीत की होगी। फिलहाल बिजनौर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## गुण्डा टैक्स वसूली के अलावा गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा के किशुनपुर कौड़िया निवासी महेंद्र सिंह ने बंथरा के ही हमीरपुर में रहने वाले अमन सिंह, शीतल और दो अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ गुण्डा टैक्स वसूली के अलावा गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। महेंद्र का कहना है कि उनका ऑफिस किशुनपुर कौड़िया रोड, काका कॉलोनी के पास स्थित है। महेंद्र के मुताबिक बुधवार शाम करीब 4:30 बजे वह रोज की तरह अपने ऑफिस मैं बैठे थे। तभी महिंद्रा एक्सयूवी से पहुंचे अमन सिंह, शीतल और उनके दो अज्ञात साथियों ने उनसे धमकी देते हुए कहा कि यहां मेरी बिना इजाजत के प्लाटिंग का कार्य नहीं कर सकते, अगर प्लाटिंग का कार्य करना है तो 50 हजार रुपये प्रतिमाह देना होगा। महेंद्र ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने इस दौरान गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। बाद में पीड़ित ने इसकी सूचना 112 पर दी। साथ ही इस मामले में बंथरा थाने में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## कृषि यंत्रों के लिए आज से होगा किसानों का चयन, सभी जिलों में चलेगी प्रक्रिया

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। किसानों को अनुदान पर कृषि यंत्र दिए जाएंगे। इसके लिए डीएम की अध्यक्षता में कृषि विभाग की ओर से ई-लॉटरी के माध्यम से किसानों का चयन किया जाएगा। यह प्रक्रिया सभी जिलों में 7 व 8 अगस्त को होगी। लॉटरी में चयनित किसानों को एसएमएस भेजा जाएगा। सूचना व बिल अपलोड की अंतिम तिथि की सूचना के साथ-साथ प्रतीक्षा सूची में चयनित कृषकों को भी सूचित किया जाएगा। चयनित न होने वाले किसानों की जमानत राशि अधिकतम छह महीने में वापस कर दी जाएगी। जिन किसानों ने विभाग के पोर्टल पर कृषि यंत्रों की बुकिंग की है, वे जिले में होने वाली ई-लाटरी की प्रक्रिया में अवश्य शामिल हों।

# चोरी करने वाले शातिर गैंग का पर्दाफाश, पुलिस की बड़ी कार्यवाही

अमन लेखनी समाचार



आशियाना। आशियाना पुलिस ने बंद घरों की रेकी कर चोरी करने वाले शातिर गैंग का पदार्फाश किया है। पुलिस ने चार चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी के लाखों रुपए के गहने बरामद किए हैं। चोर गहनों को नेपाल जाकर बेचने के फिराक में थे। चोर लखीमपुर से लखनऊ आकर चोरी करते थे।

सभी चोर इंस्टाग्राम पर 99 ग्रुप के जरिए एक-दूसरे से जुड़े थे। पुलिस ग्रुप के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी जुटा रही है। डीसीपी ने पुलिस टीम को 25,000 रुपए का नगद इनाम देने की घोषणा की है।

डीसीपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि मधुरिमा तिवारी निवासी सेक्टर एम, थाना आशियाना की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने अपने मकान का ताला तोड़कर चोरी होने की सूचना दी थी। थाना आशियाना के प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम औरंगाबाद ओवर ब्रिज के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर ने बताया कि घरों का ताला तोड़कर चोरी करने वाले गिरोह के सदस्य बीबीएयू विश्वविद्यालय की दीवार के किनारे खड़े हैं। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम बीबीएयू विश्वविद्यालय पहुंची। वहां दीवार के पास काले रंग की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल के पास 4 व्यक्ति आपस में बातचीत कर रहे थे। पुलिस ने उन्हें दबिश देकर पकड़ लिया।

पूछताछ में पता चला कि ये सभी एक संगठित गिरोह के सदस्य हैं। ये लखनऊ शहर के विभिन्न इलाकों में घूम-घूमकर घरों का ताला तोड़कर चोरी करते थे। चोरी का माल अवैध रूप से बेचते थे। आरोपियों ने अपना नाम सुधीर कश्यप, गौरव सिंह, मोहम्मद जीशान और नमित मिश्रा बताया। सुधीर लखीमपुर का रहने वाला है। इनकी गिरफ्तारी से चोरी की तीन घटनाओं का खुलासा हुआ है।

### गैंग के सरगना पर एक दर्जन मुकदमे दर्ज

इंस्पेक्टर आशियाना ने बताया कि गैंग का सरगना सुधीर कश्यप है। इस पर 2017 में पहला मुकदमा लखीमपुर के कोतवाली सदर में दर्ज हुआ। इसके बाद 10 मुकदमे लखीमपुर के अलग-अलग थानों सहित लखनऊ के आशियाना में दो और एक जानकीपुरम में मुकदमा दर्ज हैं। इनको पकड़ने के लिए करीब तीन दर्जन से अधिक उउळश फुटेज खंगालने के बाद पुलिस टीम को सफलता मिल सकी हैं

### फोन कर सरगना को सूचना देते, बाइक से आते चोरी करने

पुलिस को पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि आरोपी नमित लखनऊ में काम करता था। दिन में अपना काम निपटा कर रात में बंद घरों की रेकी कर अपने लीडर सुधीर कश्यप को फोन कर सूचना देता था। इसके बाद सुधीर, गौरव सिंह, और मो. जीशान लखीमपुर से बाइक से दो से ढाई घंटे में लखनऊ आकर चोरी की वारदात को अंजाम देकर भाग जाते थे। आशियाना और गोमती नगर में गैंग ने चोरी की थी। चोरी किए गहनों को नेपाल में बेचने की फिराक में थे।

### इंस्टग्राम पर 99 ग्रुप के जरिए मिले थे

डीसीपी ने बताया कि पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी इंस्टाग्राम पर 99 के नाम से एक ग्रुप चला रहे थे, जिसमें कई लोग जुड़े हैं। जांच की जा रही है कि इनमें अपराधी किस्म के युवक या फिर कोई अन्य युवक जुड़े हैं।

# राखी खरीद रही महिला का पर्स ले उड़ा चोर



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के तेलीबाग बाजार में गुरुवार शाम राखी खरीद रही महिला का पर्स चोर ले उड़ा, जब तक महिला कुछ समझ पाती वह भीड़ में गायब हो गया। पीड़िता कंचन वर्मा, निवासी हिमालयन कॉलोनी, देवी खेड़ा ने बताया कि वह गुरुवार शाम को राखी खरीद रही थी, उसी समय अचानक बगल में खड़ा युवक पर्स लेकर भाग निकला, और नजरों से ओझल हो गया। पीड़िता ने तेलीबाग पुलिस चौकी को तहरीर दी है पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

# बीएसएनएल का बड़ा तोहफा, एक रुपये में मिलेगा सिम; प्रतिदिन मिलेगा दो जीबी डाटा-फ्री कॉल




अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। भारत संचार निगम लिमिटेड 15 अगस्त के उपलक्ष्य में फ्रीडम प्लान लेकर आया है। उपभोक्ता एक रुपये में नया सिम ले सकते हैं जिसमें दो जीबी डाटा प्रतिदिन और अनलिमिटेड कॉल का तोहफा भी पूरे अगस्त महीने में मिलेगा। प्रदेश के केंद्रों पर इसकी सुविधा शुरू कर दी गई है। प्रधान महाप्रबंधक जफर इकबाल ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में करीब 80 लाख उपभोक्ता प्रीपेड सिम का उपयोग करते हैं। बीएसएनएल के प्रीपेड प्लान अन्य कंपनियों की तुलना में सस्ते हैं। बीएसएनएल की डाटा स्पीड सेवाओं में भी काफी सुधार हुआ है। इसकी वजह से लोगों का भरोसा व रुझान बढ़ रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रीपेड ग्राहकों की संख्या बढ़ाने के उद्देश्य से यह प्लान लॉन्च किया गया है। 31 अगस्त तक यह सुविधा प्रदेश के सभी बीएसएनएल केंद्रों व सभी 200 फ्रेंचाइजी पर उपलब्ध रहेगी।

# रालोद राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने बाढ़ संकट को लेकर जल संसाधन एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के प्रमुख सचिव से की मुलाकात

### किसानों को राहत और मुआवजे की उठाई मांग

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ । राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने प्रदेश के जल संसाधन एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के प्रमुख सचिव अनिल गर्ग से भेंट की। इस दौरान प्रदेश में आए भीषण बाढ़ संकट और उससे प्रभावित क्षेत्रों की गंभीर स्थिति पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

श्री दुबे ने बताया कि इस बाढ़ में लगभग 550 से अधिक घर जलमग्न हो चुके हैं और राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे राहत कार्यों में तेजी लाने और किसानों को उनकी नष्ट हुई फसलों का उचित मुआवजा तत्काल देने की बात की।

उन्होंने प्रमुख सचिव को अवगत कराया कि बहराइच, लखीमपुर, सीतापुर, हरदोई, फरुर्खाबाद, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, अमरोहा, इटावा, बदायूं और आस-पास के जिलों अधिक बारिश देखी जा रही है। इसके अलावा मौसम विभाग द्वारा भारी वर्षा की संभावना भी व्यक्त की गई है जिससे हालात और बिगड़ सकते हैं। उन्होंने बताया कि बाढ़ से प्रभावित जिलों में बिजनौर, बहराइच, लखीमपुर, खीरी, भदोही, चंदौली, चित्रकूट, इटावा, फरुर्खाबाद, फतेहपुर, गाजीपुर, गोरखपुर, हमीरपुर, जालौन, कानपुर नगर, कानपुर देहात, मिजार्पुर, बांदा, कासगंज, प्रयागराज सहित अनेक क्षेत्रों का उल्लेख करते हुए उन्होंने सरकार से ठोस और त्वरित कदम उठाने की मांग की। श्री दुबे ने यह भी कहा कि सरकार द्वारा किसानों के हित में जो योजनाएं चल रही हैं, उन्हें बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल लागू किया जाना चाहिए, ताकि प्रभावित परिवारों को राहत मिल सके। राष्ट्रीय लोकदल प्रदेश सरकार से मांग करता है कि वह हर ज़िले में कंट्रोल रूम सक्रिय करे, राहत शिविरों में भोजन, दवा, साफ पानी एवं जरूरी सामग्री की तत्काल व्यवस्था की जाए जिससे हर प्रभावित किसान को उसके नुकसान का समुचित मुआवजा मिल सके।

# घर के अंदर बिस्तर में रखा मोबाइल चोरी, सीसीटीवी में कैद



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ के पीजीआई इलाके में एक चोर घर के कमरे में रखा मोबाइल फोन चोरी कर फरार हो गया। चोर घर के पास लगे cctv फुटेज में कैद हो गया। पीड़ित ने चोरी की रिपोर्ट ऑनलाइन दर्ज करवाई हैं। तेलीबाग के कुबेर बगिया में रहने वाले शिव कुमार ने बताया कि गुरुवार दोपहर को घर के अंदर कमरे के बिस्तर पर दो मोबाइल फोन रखे हुए थे, वह कुछ मिनट के लिए घर से निकले थे और 15 मिनट बाद वापस आया तो मोइबल चोरी हो गया था। इसके बाद घर के पास लगे सीसीटीवी फुटेज चेक किया तो एक पैंट टीशर्ट पहने युवक कमरें में जाकर फोन चोरी कर बाहर आता दिखाई दे रहा हैं। उन्होनें ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज करवाने के साथ ही पीजीआई पुलिस को लिखित तहरीर दी हैं। पुलिस cctv फुटेज के आधार पर चोर की तलाश शुरू कर दी हैं।

# कैबिनेट मंत्री संजय कुमार निषाद का निर्देश, सभी मत्स्य पालकों को मिले योजनाओं का लाभ

अमन लेखनी समाचार



लखनऊः पात्र मत्स्य पालकों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए मत्स्य विभाग द्वारा प्रचार अभियान चलाया जाएगा। मत्स्य मंत्री डा. संजय कुमार निषाद ने अधिकारियों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देकर, पात्रों के अधिक से अधिक आवेदन कराने के निर्देश दिए हैं। लाभ देने में समयबद्धता और पारदर्शिता का पालन करने की भी हिदायत दी है।

मंत्री ने गुरुवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित बैठक में कहा कि अधिकारी मत्स्य उत्पादन व उत्पादकता बढ़ाने में नवाचार अपनाने के सिद्धांत के साथ कार्य करें। मत्स्य पालकों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। मत्स्य पालकों, बीज उत्पादकों व उद्यमियों को मत्स्य पालन तकनीक एवं नदियों-जलाशयों में मत्स्य आखेट प्रबंध की जानकारी दें, जिससे अधिक से अधिक उत्पादन के साथ मत्स्य प्रजातियों का संरक्षण व संवर्धन भी किया जा सके। अधिकारियों द्वारा योजनाओं की प्रगति, क्रियान्वयन और मत्स्य पालकों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी गई। मंत्री ने निर्देश दिए कि सभी जिलों में मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना एवं निषादराज बोट सब्सिडी योजना, सघन मत्स्य पालन को एयरेशन सिस्टम की स्थापना, मोपेड विद आइसबाक्स योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए। बैठक में प्रमुख सचिव मत्स्य अमित कुमार घोष, महानिदेशक राजेश प्रकाश, निदेशक एनएस रहमानी आदि उपस्थित थे।

## मुजफ्फरनगर, मथुरा और बाराबंकी में खुलेंगे नए विश्वविद्यालय

लखनऊ। प्रदेश में निजी विश्वविद्यालयों का तेजी से विस्तार हो रहा है। अब मुजफ्फरनगर, बाराबंकी और मथुरा में तीन नए निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना को भी कैबिनेट की सैद्धांतिक स्वीकृति मिल गई है। इसमें एक विश्वविद्यालय को आशय पत्र, दो को संचालन का अधिकार दिया गया है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया मुजफ्फरनगर में फतेह चंद चैरिटेबल ट्रस्ट से संचालित वेदांता विश्वविद्यालय को आशय पत्र जारी किया गया है। दो वर्ष में संस्थान को पूरी औपचारिकता पूरी करनी है, इसके बाद संचालन का अधिकार मिलेगा। बाराबंकी में बोधिसत्व चैरिटेबल ट्रस्ट से संचालित बोधिसत्व विश्वविद्यालय और मथुरा में राजीव मेमोरियल एकेडमिक वेलफेयर सोसाइटी से संचालित केडी विश्वविद्यालय मथुरा को संचालन का अधिकार दे दिया गया।

# लखनऊ में यातायात नियम तोड़ने वालों पर बड़ी कार्रवाई, 2466 वाहनों का पंजीकरण रद

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। राजधानी में बार-बार ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर धीरे-धीरे शिकंजा कसा जा रहा है। ट्रैफिक पुलिस की तरफ से ऐसे ही नियम उल्लंघन करने वालों की एक सूची तैयार कर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) को भेजी गई थी। इस सूची के आधार पर परिवहन कार्यालय की तरफ से 2466 वाहनों का पंजीकरण निलंबित कर दिया गया है। साथ ही शेष बचे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। ट्रैफिक पुलिस ने बार-बार ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों की जानकारी इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आइटीएमएस) की मदद से जुटाई थी। इसमें सामने आया कि लोग जानबूझकर नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। इसमें कार, कैब, टैक्सी, दोपहिया वाहन समेत सभी तरह के वाहन शामिल हैं। इस सूची में उन वाहन चालकों को अलग किया गया है जिन्होंने पांच या उससे ज्यादा बार नियम तोड़ा है। ये वाहन चालक न तो ट्रैफिक नियमों का पालन कर रहे हैं और न ही जुमार्ने का भुगतान कर रहे हैं। इसके चलते इन लोगों में कोई सुधार देखने को नहीं मिल रहा है। ऐसे 18 हजार से ज्यादा वाहनों की सूची ट्रैफिक पुलिस की तरफ से तैयार कर आरटीओ को भेजी गई थी। उस सूची के आधार पर 2466 वाहनों का पंजीकरण निलंबित कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही अन्य वाहनों की डिटेल जुटाई जा रही है ताकि उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जा सके।

### 202 चार पहिया वाहनों के दस से ज्यादा चालान

आइटीएमएस की जानकारी के मुताबिक 202 वाहन जैसे कि कैब, टैक्सी और चार पहिया वाहन हैं, जिनके पांच या उससे ज्यादा चालान हैं। इनको भी ट्रैफिक पुलिस की तरफ से नोटिस जारी कर बुलाया जाएगा और चालान का भुगतान करने के लिए कहा जाएगा। अगर भुगतान नहीं किया गया तो लाइसेंस निलंबित करने के लिए रिपोर्ट भेजी जाएगी।

### यह नियम तोड़े

इन नियमों में उल्टी दिशा, रेड लाइट वायलेशन, बिना हेलमेट, दोषपूर्ण नम्बर प्लेट, नो-पार्किंग का उल्लंघन, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी शामिल हैं।

# रिवाल्वर और नकदी चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। पूर्व प्रधान के घर से अलमारी में रखा लाइसेंसी रिवाल्वर व दस हजार रुपये चोरी करने वाला आरोपी रिवाल्वर के साथ गिरफ्तार रहीमाबाद थाना क्षेत्र के रहटा के मिजार्पुर निवासी धर्मेंद्र सिंह बीती 31 जुलाई को के घर के बाहर बरामदे में कई ग्रामीणों के साथ बैठे थे। देर रात बैठक के बाद वह करीब 11 बजे घर चले गए। अगले दिन एक अगस्त को धर्मेन्द्र कहीं जाने के लिए तैयार हुए तो घर के बाहरी हिस्से में रखी अलमारी की दराज में रखा रिवॉल्वर नहीं था और अलमारी से 10 हजार रुपये भी गायब थे। जिसपर उन्होंने रहीमाबाद थाने पर तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। जिस पर रहीमाबाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर कर दी थी। बृहस्पतिवार को सूचना मिली कि खगेश्वर खेड़ा उमरावल रोड पर आरोपी देखा गया सूचना परकारतूस पहुंचे पुलिस ने कटियारी फार्म हाउस सदन मार्केट के पास से आरोपी विकास गुलरहिया निवासी थाना रहीमाबाद को लाइसेंसी रिवाल्वर और पांच कारतूस 32 बोर 6600 नकदी के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में रहीमाबाद इंस्पेक्टर आनंद द्विवेदी का कहना है कि मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को रिवाल्वर और नकदी के साथ गिरफ्तार कर बीएनएस की धारा 317(2) की बढ़ोतरी कर जेल भेज दिया गया है।

# गाड़ी पार्किंग विवाद में बंदूक लेकर धमकाया

### पड़ोसियों ने की गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी दी; पीड़ित ने थाने में दी शिकायत

अमर लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई थाना क्षेत्र में एक गाड़ी पार्किंग विवाद ने हिंसक मोड़ ले लिया। घटना 6 अगस्त 2025 को शाम 9:15 बजे की है। ओंकार नाथ मिश्रा जब अपने घर पहुंचे, तभी अनिल मिश्रा और उनके पुत्र विवेक कुमार ने पीछे से आकर गाड़ी लगाने को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। शोर सुनकर ओंकार का छोटा भाई बीच-बचाव करने आया। इस दौरान विवेक और अनिल मिश्रा बार-बार उत्तेजित होकर ईंट उठाकर मारने का प्रयास करते रहे। इतने में विवेक मिश्रा की पत्नी गोल्डी भी वहां आ गई और महिला होने का फायदा उठाकर भद्दी-भद्दी गालियां देने लगी। स्थिति तब और खतरनाक हो गई जब अनिल मिश्रा अपनी सीढ़ियों पर पहले से रखी बंदूक लेकर ओंकार की ओर झपटे। बंदूक देखकर गोल्डी और विवेक मिश्रा अनिल को उकसाने लगे कि दोनों को गोली मार दो, बचकर जाने न पाएं।

ओंकार और उनके भाई ने किसी तरह अपनी जान बचाई और थाना प्रभारी को फोन पर सूचित किया। इसके बाद भी तीनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते रहे। पीड़ित ओंकार नाथ मिश्रा ने न्यू डिफेंस कालोनी उतरठिया रायबरेली रोड स्थित अपने निवास से पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## नेपाल सीमा से सटे 7 जिलों में ढहाए गए 130 अवैध निर्माण

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। नेपाल सीमा से सटे सात जिलों में अवैध निर्माण व बिना मान्यता के संचालित धार्मिक संस्थाओं के विरुद्ध अभियान के तहत कार्रवाई जारी है। मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ के निर्देश पर दो माह में अब तक 130 अवैध निर्माण ध्वस्त कराए गए। महराजगंज, बलरामपुर, लखीमपुर खीरी, सिद्धार्थनगर, बहराइच व पीलीभीत में अभियान के तहत कुल 298 अवैध मस्जिद, ईदगाह, मदरसे व मजार चिन्हित किए गए। इनमें 223 अवैध निमार्णों के विरुद्ध नोटिस जारी की गई। अब तक 198 अवैध निमार्णों को सील किया गया और 130 अवैध निमार्णों पर बुलडोजर चल चुका है। इनमें सर्वाधिक 37 अवैध निर्माण श्रावस्ती में ढहाए गए।

# भाजपा संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह की मौजूदगी में मंडल कार्य योजना बैठक संपन्न

अमन लेखनी समाचार

गोसाईगंज। के अमेठी स्थित हर्षदा गेस्ट हाउस कटरा वार्ड में बृहस्पतिवार को हर घर तिरंगा अभियान और अमेठी मंडल कार्य योजना की बैठक आयोजित की गई। इस कार्यशाला में भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में अवध क्षेत्र के अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, लखनऊ जिला अध्यक्ष विजय मौर्य और खंड स्नातक एमएलसी अवनीश सिंह भी मौजूद थे। इसके अलावा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष धीरू पांडे, पूर्व जिला अध्यक्ष गोकरन वर्मा और गोसाईगंज के ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा डिंपल ने भी बैठक में हिस्सा लिया।

बैठक में जिला महामंत्री राजकुमार वर्मा, अमेठी मंडल अध्यक्ष पंकज नयन पटेल और युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष राम जी विश्वकर्मा भी शामिल हुए। जिला संयोजक शंभू नाथ पांडे, अमेठी मंडल प्रभारी अतुल मिश्रा और मंडल महामंत्री डीडी त्रिपाठी तथा उमाकांत साहू की भी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में मंडल उपाध्यक्ष संतोष सिंह, अंकित प्रजापति, राम प्रघट रावत और अंकित वर्मा के साथ-साथ मंडल मंत्री सत्यम सोनी, ओमेश कुमार, मोनू वर्मा और प्रेम शंकर वर्मा सहित अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी मौजूद रहे। सभी पदाधिकारियों के संयोजन में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## सम्पादकीय

# पिंजरे में बंद तोते की छवि से कब आजाद होगी सीबीआई

सीबीआई एक बार फिर पिंजरे के तोते के दृष्टिकोण को सही साबित करती नजर आ रही है। दिल्ली की पूर्ववर्ती आप सरकार में पीडब्ल्यूडी मंत्री रहते हुए भर्ती घोटाले के आरोपी बनाए गए सत्येन्द्र जैन के खिलाफ चार वर्ष जांच करने के बाद सीबीआई ने अदालत में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की। वह इसलिए कि सीबीआई भ्रष्टाचार के एक भी सबूत अदालत में पेश नहीं कर पाई। ऐसे में सवाल उठते हैं कि क्या सीबीआई बिना पुख्ता सबूत के ही आरोप लगा देती है? दिल्ली में विधानसभा चुनाव से कुछेक महीने पहले आम आदमी पार्टी के कई नेता व मंत्री किसी न किसी आरोप में जेल भेजे गए और बाद में सीएम रहे अरविंद केजरीवाल भी शराब घोटाले के आरोप में जेल में बंद किए गए। सीबीआई अगर तथ्य के साथ आरोप लगा रही थी, नेता जेल भेजे जा रहे थे, तो बाद में सबको जमानत कैसे मिलती गई और अब उसे सत्येन्द्र जैन के खिलाफ क्लोजर रिपोर्ट क्यों दाखिल करनी पड़ी है? क्या सीबीआई के पास जवाब है कि उसकी गैरजिम्मेदाराना हरकत की वजह से देश में कई नेताओं की सार्वजनिक छवि खराब हुई है? क्या सीबाआई इसकी भरपाई कर सकती है? सुप्रीम कोर्ट ने करीब बारह वर्ष पहले 9 मई, 2013 में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की खामियों से भरी कार्यप्रणाली के चलते उसे पिंजरे में बंद तोता कहा था। उस वक्त सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाते हुए कहा था, 'सीबीआई वो तोता है जो पिंजरे में कैद है। इस तोते को आजाद करना जरूरी है। सीबीआई एक स्वायत्त संसथा है और उसे अपनी स्वायत्ता बरकरार रखनी चाहिए।' पिछले वर्ष 2024 में आम आदमी के पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल को शराब घोटाले में जमानत देते हुए भी सुप्रीम कोर्ट की ऐसी ही सख्त टिप्पणी थी कि सीबीआई को पिंजरे में बंद तोते की छवि से बाहर आना होगा और दिखाना होगा कि अब वह पिंजरे में बंद तोता नहीं रहा। शायद सीबीआई ने कभी अपने अधिकार व स्वायत्ता को लेकर निष्पक्षता से मंथन ही नहीं किया है। केंद्र में जिनकी भी सरकार रही है, इस दौरान सीबीआई का दुरूपयोग होती रही है। वर्ष 2024 में, सीबीआई ने सबूतों की कमी के कारण 174 मामलों में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की, जो किसी भी वर्ष में एजेंसी द्वारा दाखिल की गई क्लोजर रिपोर्ट की अब तक की सबसे अधिक संख्या है। इससे पहले, 2023 में 62 और 2022 में 32 मामले सबूत न होने से बंद हुए थे। वर्ष 2024 में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता प्रफुल्ल पटेल, पूर्व केंद्रीय पर्यावरण मंत्री जयंत नटराजन, प्रणय और राधिका रॉय, आईपीएल में सट्टेबाजी आदि केसों में सीबीआई ने क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की। झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन भी जमीन घोटाले में जमानत पर बाहर निकल गए। आंकड़ों के हिसाब से सीबीआई की सफलता दर काफी अच्छी है, लेकिन राजनीतिक मामलों में सीबीआई अक्सर सबूत जुटाने में असफल साबित हुई है। 2024 में सीबीआई द्वारा रिकॉर्ड 1,467 मामलों का निपटारा किया गया, जिसमें 1,293 चार्जशीट हुई थी। सीबीआई देश की भरोसेमंद जांच एजेंसी है, इस पर बार-बार सवाल उठना चिंता की बात है। सीबीआई के कामकाज पर प्रश्नचिन्ह नहीं लगना चाहिए। इस जांच एजेंसी पर जनता का विश्वास नहीं डगमगाना चाहिए, इसके लिए सरकार को चाहिए कि वह सीबीआई की स्वायत्ता की रक्षा करे। पूर्व में ईडी पर भी सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाए थे। जांच एजेंसियों को राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त किया जाना चाहिए। देश में यह व्यवस्था होनी चाहिए कि पुख्ता सबूत पेश किए जाने के बाद ही किसी की गिरफ्तारी हो।



विश्लेषण
डॉ अश्वनी महाजन

# ब्रिक्स से ट्रंप इसलिए हैं परेशान

> ब्रिक्स के प्रति ट्रंप का विरोध भू-राजनीतिक और आर्थिक, दोनों ही चिंताओं से उपजा है, क्योंकि यह समूह, खासकर अपने हालिया विस्तार के साथ, वैश्विक मामलों में अमेरिकी प्रभुत्व को चुनौती देता है। ट्रंप की ब्रिक्स से चिढ़ का पहला और मुख्य कारण यह है कि यह अमेरिकी डॉलर के प्रभुत्व को चुनौती देता है। दूसरा बिंदु जो ट्रंप को परेशान करता है, वह है ब्रिक्स का पश्चिम के प्रति भू-राजनीतिक विरोध। ब्रिक्स द्वारा चीन को वैश्विक स्तर पर अमेरिका को चुनौती देने के लिए एक नेतृत्वकारी मंच प्रदान करना उन्हें बेहद परेशान करता है। सऊदी अरब और ईरान के ब्रिक्स में शामिल होने के साथ, इस समूह का अब वैश्विक ऊर्जा (तेल) बाजारों पर महत्वपूर्ण प्रभाव हो जाएगा। भारत एक ऐसे विश्व का समर्थन करता है जहाँ कई शक्ति केंद्र हों, जहाँ सहयोग हो।

गत माह में ही 6-7 जुलाई को ब्राज़ील में ब्रिक्स का 17वाँ शिखर सम्मेलन सम्पन्न हुआ। इस शिखर सम्मेलन का महत्व यह है कि इसमें सभी 10 सदस्यों ने भाग लिया, जिनमें चार सदस्य, ईरान, मिस्र, इथियोपिया और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं, जिन्होंने पिछले साल रूस में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में पहली बार सदस्य देश के रूप में भाग लिया था; और इंडोनेशिया, जो 2025 के शुरू में पहली बार सदस्य देश के रूप में शामिल हुआ और ब्रिक्स का सदस्य बनने वाला पहला दक्षिण पूर्व एशियाई देश बन गया। अब ब्रिक्स, अपने विस्तारित रूप में, ब्रिक्स प्लस के रूप में जाना जाता है, यह शब्द पहली बार 2024 के ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में इस्तेमाल किया गया। सवाल है कि क्या ब्रिक्स पश्चिमी आधिपत्य को चुनौती दे रहा है? आखिर ब्रिक्स से ट्रंप परेशान क्यों हैं?

ब्रिक्स आज दुनिया के ज्ञात विकसित देशों, विशेष रूप से अमेरिका और यूरोपीय देशों के प्रभाव को चुनौती दे रहा है। अगर हम इस समूह के पहले पाँच देशों, ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका पर नज़र डालें, तो 2010 में वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में इनका योगदान 18% था। 2025 में वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में इन देशों की हिस्सेदारी बढ़कर 26.5 प्रतिशत हो जाएगी। अब उन्होंने पश्चिम के आधिपत्य को चुनौती देना शुरू कर दिया है। डी-डॉलराइज़ेशन, यानी व्यापार और वित्त में अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम करके, पश्चिमी ब्लॉक के आधिपत्य को तोड़ने की आवाज़ें मुखर हो रही हैं। इसने वास्तव में अमेरिका के वित्तीय और भू-राजनीतिक आधिपत्य को ख़तरा पैदा करना शुरू कर दिया है। यह भारत, चीन और रूस को विश्व मंच पर एक मज़बूत आवाज़ देता है। यह डॉलर और पश्चिमी संस्थानों से दूर वैश्विक आर्थिक पुनर्संरेखण को बढ़ावा देता है। यह एक बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था का प्रतीक है, जिसका ट्रम्प समर्थन नहीं करते। हाल ही में ब्रिक्स के विस्तार के साथ, जिसमें 5 नए सदस्य शामिल हुए हैं, पश्चिमी ब्लॉक, विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका की चिंताएं बढ़ गई हैं।

ब्रिक्स के प्रति ट्रंप का विरोध भू-राजनीतिक और आर्थिक, दोनों ही चिंताओं से उपजा है, क्योंकि यह समूह, खासकर अपने हालिया विस्तार के साथ, वैश्विक मामलों में अमेरिकी प्रभुत्व को चुनौती देता है। इसके प्रमुख कारण इस प्रकार हैंः डोनाल्ड ट्रंप की ब्रिक्स से चिढ़ का पहला और मुख्य कारण यह है कि यह अमेरिकी डॉलर के प्रभुत्व को चुनौती देता है। ब्रिक्स देश व्यापार और वित्त में अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम करने पर खुलकर चर्चा कर रहे हैं। ट्रंप हमेशा अमेरिका फर्स्ट पर ज़ोर देते रहे हैं, और देशों के डॉलर से दूर जाने का विचार निश्चित रूप से अमेरिकी आर्थिक प्रभाव और प्रतिबंधों की शक्ति को कमज़ोर करने वाला है।

दूसरा बिंदु जो ट्रंप को परेशान करता है, वह है ब्रिक्स का पश्चिम के प्रति भू-राजनीतिक विरोध। ब्रिक्स खुद को जी7, आईएमएफ और विश्व बैंक जैसी पश्चिमी संस्थाओं के प्रतिकार के रूप में स्थापित कर रहा है। ब्रिक्स जैसे नए और शक्तिशाली अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन निश्चित रूप से अमेरिकी वर्चस्व के लिए एक चुनौती पेश करते हैं।

तीसरा, ब्रिक्स द्वारा चीन को वैश्विक स्तर पर अमेरिका को चुनौती देने के लिए एक नेतृत्वकारी मंच प्रदान करना उन्हें बेहद परेशान करता है। वह ब्रिक्स को बहुध्रुवीयता



की आड़ में चीन के वैश्विक विस्तार के एक माध्यम के रूप में भी देखते हैं। चौथा, सऊदी अरब और ईरान के ब्रिक्स में शामिल होने के साथ, इस समूह का अब वैश्विक ऊर्जा (तेल) बाजारों पर महत्वपूर्ण प्रभाव हो जाएगा। गैर-डॉलर मुद्राओं (जैसे, युआन या ब्रिक्स मुद्रा) में तेल व्यापार की संभावना है, जो पेट्रोडॉलर प्रणाली को कमजोर करेगा।

पाँचवाँ, ट्रम्प ब्रिक्स के विस्तार को इस बात का संकेत मानते हैं कि वैश्विक दक्षिण (ग्लोबल साउथ) पश्चिमी प्रभाव से दूर जा रहा है और अपना स्वतंत्र समूह बना रहा है। छठा, अमेरिका को छोड़कर किसी भी गैर-पश्चिमी समूह के उदय को व्यक्तिगत और राष्ट्रीय अपमान के रूप में देखा जाता है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन, जो अमेरिका की भागीदारी के बिना विश्व व्यवस्था के लिए वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं, उन्हें 'अमेरिकी प्रतिष्ठा' के लिए खतरा माना जाता है- जिसे ट्रंप बहुत महत्व देते हैं।

राष्ट्रपति ट्रम्प ने ब्रिक्स के घटनाक्रम पर खुलकर अपनी नाखुशी जताई है और ब्रिक्स देशों पर ज़्यादा टैरिफ लगाने की धमकी भी दी है। उन्होंने ब्राज़ील पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा पहले ही कर दी है। हालाँकि, भारत ब्रिक्स का सदस्य है, लेकिन उसका रुख ज़्यादा सूक्ष्म, संतुलित और व्यावहारिक है। जिससे वह अन्य ब्रिक्स देशों से अलग दिखाई देता है। भारत का रुख स्पष्ट रुप से उसके राष्ट्रीय हितों, रणनीतिक स्वायत्तता और बढ़ती वैश्विक महत्वाकांक्षाओं से प्रभावित है। हालाँकि, भारत रुपये में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और अन्य आर्थिक समझौतों को बढ़ावा देकर और इस तरह डॉलर पर अपनी निर्भरता कम करके अपने आर्थिक हितों को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहा है। भारत डॉलर विरोधी नहीं है, लेकिन वैश्विक वित्तीय प्रणाली में विविधता लाने, एकल मुद्रा पर निर्भरता कम करने और एक बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को बढ़ावा देने के व्यापक प्रयास के तहत, वह डॉलर पर निर्भरता कम करने का समर्थन करता है। यह रुपये के मूल्य को स्थिर करने और अपने अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को अधिक संतुलित बनाने के भारत के प्रयासों से भी प्रेरित है। भारत ने डॉलर पर अपनी निर्भरता कम करने और विदेशी मुद्रा के बहिर्वाह को कम करने के लिए रूस, संयुक्त अरब अमीरात, श्रीलंका और मॉरीशस जैसे देशों के साथ भारतीय रुपये में द्विपक्षीय व्यापार शुरू किया है। अब तक 20 से ज़्यादा देशों ने घरेलू मुद्राओं में व्यापार निपटान को सुगम बनाने के लिए वोस्ट्रो खाते खोले हैं। भारत ब्रिक्स देशों के भीतर वैकल्पिक भुगतान तंत्र बनाने के प्रयासों का समर्थन करता है, जैसे स्थानीय मुद्राओं का उपयोग या ब्रिक्स मुद्रा पर चर्चा, लेकिन उनकी व्यावहारिकता को लेकर सजग है। भारत वैश्विक व्यापार और वित्त में डॉलर के प्रभुत्व को समझता है और उसने इसके पूर्ण प्रतिस्थापन (या दूसरे शब्दों में, डॉलर-विमुद्रीकरण) का आह्वान नहीं किया है। इसके बजाय, वह कई आरक्षित मुद्राओं (जैसे यूरो, युआन और संभवतः रुपया) के सह-अस्तित्व का पक्षधर है। ब्रिक्स का सदस्य होने के बावजूद, भारत इस समूह को अमेरिका-विरोधी समूह के रूप में नहीं देखता। वह ब्रिक्स समूह को वैश्विक संस्थाओं में सुधार के लिए एक मंच के रूप में देखता है, न कि टकराव के लिए। भारत एक ऐसे विश्व का समर्थन करता है जहाँ कई शक्ति केंद्र हों, जहाँ वैश्विक दक्षिण की आवाज़ों का बेहतर प्रतिनिधित्व हो।

भारत लंबे समय से संयुक्त राष्ट्र, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक जैसी संस्थाओं में सुधार लाने की मांग करता रहा है, जिनके बारे में मानना है कि ये पश्चिमी प्रभुत्व वाली हैं और वर्तमान वैश्विक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करतीं। इसी संदर्भ में, भारत की जी-20 अध्यक्षता में, वैश्विक वित्तीय संस्थानों में सुधारों पर एक रिपोर्ट तैयार करने के लिए एक विशेषज्ञ समूह का गठन किया गया था। भारत ब्रिक्स का उपयोग सतत विकास के लिए करता है।

## छोटे-छोटे संकल्प आत्मविश्वास व क्षमता बढ़ाते हैं



संकलित
दर्शन

जिस प्रकार किसी भी पूजा को प्रारंभ करने से पूर्व हाथ में जल लेकर संकल्प लिया जाता है उसी प्रकार किसी भी कार्य को करने के लिए उसे करने का संकल्प लिया जाता है। बगैर संकल्प हम आगे नहीं बढ़ सकते हैं। संकल्प लेने के लिए इच्छाशक्ति की जरूरत होती है। संकल्प के पश्चात प्रयास प्रारंभ होते हैं। जब संकल्प दृढ़ होता है तो प्रयास को हिम्मत मिलती है, विजय की राह आसान हो जाती है। हमारी सफलता हमारे संकल्प पर निर्भर करती है। हम जितना भरोसा अपने संकल्प पर करेंगे उसी अनुपात में हमें सफलता प्राप्त होगी। यदि हमारा संकल्प विजय का है तो हमारी सफलता भी निश्चित है। संकल्प सकारात्मक ऊर्जा के रूप में सह प्रेरक का काम करता है। जीवन में छोटे-छोटे संकल्प लेते रहना चाहिए। जब हम छोटे-छोटे संकल्पों को पूर्ण करते हैं तो आत्मविश्वास और हमारी क्षमता में वृद्धि होती है। दृढ़ संकल्प में असीम शक्ति होती है, जो व्यक्ति को किसी भी प्रकार की बाधाओं से जूझने में सक्षम बनाती है। हालांकि, संकल्प लेकर उन्हें भूलना भी आम बात है। अक्सर हम देखते हैं कि नशे के आदी लोग रोज संकल्प लेते हैं कि वे अब आगे से नशा नहीं करेंगे, किंतु वे ऐसा नहीं कर पाते हैं, क्योंकि उनके संकल्प में दृढ़ता की कमी होती है। दृढ़ संकल्प शक्ति जीवन में सफलता प्राप्त करने का मूल मंत्र है। जो संकल्प के साथ जीता है वह साधक होता है। कहते हैं कि एक सफल और असफल व्यक्ति के बीच में न तो योग्यता का अंतर होता है और न ही ज्ञान का, बल्कि अंतर है तो केवल दृढ़ संकल्प का और यही निर्णायक सिद्ध होता है।

## सुदर्शन रूप में भक्त की प्रेत से रक्षा



संकलित
प्रेरणा

संत अनंतकृष्ण बाबा जी के पास एक लड़का सत्संग सुनने के लिए आया करता था। संत से प्रभावित होकर बालक द्वारा दीक्षा के लिए प्रार्थना करने पर बाबा जी ने कहा कि महामंत्र का 11 लाख जप करके आओ उसके बाद विचार करेंगे। लगभग कुछ महीनों के पश्चात जप की संख्या पूरी करने के बाद वह बाबा के पास पुनः आया। बाबा ने बालक को कहा 11 लाख और जप करके आना। अभी 3-4 वर्ष ही बीते थे साधक जीवन में प्रवेश किए हुए, उसके मन में श्रद्धा की कमी होने लगी। वह एक दिन कहीं जा रहा था रास्ते में एक तांत्रिक को कुछ सिद्धियों का प्रदर्शन करते हुए देखा। तांत्रिक ने उससे अपने बारे में पूछा, उसने अपनी उपासना के बारे में बताया। तांत्रिक ने पूछा कि तुम इतने वर्षों से इतनी संख्या में जप करते हो, साधना करते हो उससे तुम्हे कुछ अनुभूति हुई? हमारी तरह प्रेत सिद्ध कर लो, तुम्हारे सब काम प्रेत कर दिया करेगा, बालक ने तांत्रिक से साधन की विधि जानी और शीघ्र ही थोडे मंत्रो के जप से ही सिद्ध प्राप्ति कर ली। उसने तांत्रिक से कहा कि मुझे तो कोई प्रेत सिद्ध हुआ नहीं। तांत्रिक ने कहा पुनः प्रयास करो। इस बार भी प्रेत प्रकट नहीं हुआ। तांत्रिक ने प्रेत को बुलाकर पूछा कि तुम इसके सामने क्यों नहीं प्रकट होते हो? उस प्रेत ने कहा मैं तो जैसे ही इसके थोड़े निकट जाता हूँ, इसके पीछे एक सुदर्शन चक्र प्रकट हो जाता है। मैं महान बलवान होने पर भी उस चक्र के तेज के सामने टिक नही सकता। अवश्य ही कोई शक्ति इसकी रक्षा करती है।

## स्मृति शेष
डॉ. इरफान अंसारी

# आदिवासी योद्धा जिसने कॉरपोरेट्स को ललकारा और एक राज्य बनाया

4 अगस्त, 2025 को दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संस्थापक शिबू सोरेन का निधन हो गया, जिसके साथ भारत की आदिवासी राजनीति का एक युग समाप्त हुआ। 81 वर्षीय "गुरुजी" ने आदिवासी अधिकारों की लड़ाई को एक शक्तिशाली आंदोलन में बदला, और 15 नवंबर, 2000 को बिहार से झारखंड को अलग करवाया। जब मोदी सरकार पर अडानी और अंबानी जैसे कॉरपोरेट्स को तरजीह देने के आरोप लग रहे हैं, सोरेन का जीवन एक जोरदार जवाब है—एक आदिवासी योद्धा जिसने कॉरपोरेट लालच को चुनौती दी, दिल्ली के सत्ताधीशों को मात दी, और अपने लोगों को एक राज्य दिया। 11 जनवरी, 1944 को नेमरा गांव (अब झारखंड के रामगढ़ जिले में) में जन्मे शिबू सोरेन ने दीकु (बाहरी) जमींदारों और खनन कंपनियों द्वारा आदिवासी जमीनों की लूट को देखा। 1969–70 का अकाल, जब सरकारी अनाज कालाबाजारियों के पास गया और आदिवासी मजदूर भूखे मर गए, उनके लिए एक ज्वाला बन गया। राजनीति शास्त्र में मास्टर्स की डिग्री के साथ, सोरेन ने 1973 में ए.के. रॉय और बिनोद बिहारी महतो के साथ **JMM** की स्थापना की, जिसका नारा था जल, जंगल, जमीन। साहूकारों की जमीनों से धान जब्त करने की उनकी मुहिम, जिसमें आदिवासी तीर-कमान लेकर पहरा देते थे, केवल विरोध नहीं था—यह सिस्टम के खिलाफ बगावत थी। हालांकि जयपाल सिंह मुंडा ने 1940 के दशक में सबसे पहले झारखंड का झंडा उठाया, लेकिन यह सोरेन थे जिन्होंने इस सपने को हकीकत बनाया। मुंडा का दृष्टिकोण स्वतंत्रता के बाद की प्राथमिकताओं के सामने ठिठक गया, लेकिन सोरेन ने जमीनी आंदोलन और राजनीतिक रणनीति से झारखंड को हासिल किया।



सोरेन की प्रतिभा गठबंधन की शतरंज में थी। 1989 में, उनके पांच सांसदों ने वी.पी. सिंह की सरकार को संभाला, आदिवासी कल्याण के वादे हासिल किए। 1993 में, झामुमो के समर्थन ने पी.वी. नरसिम्हा राव की अल्पमत सरकार को अविश्वास प्रस्ताव से बचाया, जिसने सोरेन की दिल्ली में ताकत को बढ़ाया, भले ही बाद में रिश्वत के आरोप लगे। 1995 में, उन्होंने बीजेपी को अपने मेनिफेस्टो में झारखंड राज्य को शामिल करने के लिए मजबूर किया। 1999 में, वाजपेयी की एनडीए सरकार में, उन्होंने लिखित वादा लेकर 2000 में झारखंड बनवाया। कांग्रेस नेता जैरम रमेश ने कहा, "सोरेन वह धुरी थे जिसने झारखंड को अनिवार्य बनाया। झामुमो ने केवल सीमाओं के लिए नहीं लड़ा; यह पहचान की लड़ाई थी। सरहुल जैसे त्योहारों को विरोध के मंच बनाकर, खदान मजदूरों को संगठित कर कॉरपोरेट मुनाफे को ठप करके, और चोटानागपुर टेनेंसी एक्ट से चोरी हुई जमीनें वापस लेकर, सोरेन ने आदिवासियों को आवाज दी। उनकी राजनीति बिरसा मुंडा की बगावत की गूंज थी, लेकिन आधुनिक रणनीति के साथ।

***कॉरपोरेट्स के खिलाफ जंग*** : आज, जब मोदी सरकार पर कॉरपोरेट्स को बढ़ावा देने के आरोप लग रहे हैं—छत्तीसगढ़ में अडानी की कोयला खदानों के खिलाफ विरोध और वन अधिकार कानून को कमजोर करने वाले संशोधनों से स्पष्ट—सोरेन की विरासत पहले से कहीं ज्यादा प्रासंगिक है। उनकी वकालत ने 2006 का वन अधिकार कानून पास करवाया, जिसने आदिवासियों को उनकी जमीन का हक दिया, और पीईएसए को मजबूत किया, जिसने ग्राम सभाओं को जमीन हड़पने से रोकने का अधिकार दिया। ये सुरक्षा, जो अब खतरे में हैं, कॉरपोरेट शोषण के खिलाफ सोरेन के हथियार थे। झारखंड के मुख्यमंत्री (2005, 2008–09, 2009–10) और कोयला मंत्री (2004, 2004–05, 2006) के रूप में, सोरेन विवादों में घिरे, जिसमें 1994 में उनके सहायक शशिनाथ झा की हत्या का मामला (2006 में सजा, 2007 में बरी) और 1993 के रिश्वत कांड से जुड़े आरोप शामिल थे। लेकिन आदिवासियों के लिए, ये छोटी बातें थीं। झामुमो के डॉ. तनुज खत्री कहते हैं, गुरुजी ने सिस्टम से लड़कर स्कूल, अस्पताल, और सड़कें दीं। उन्होंने कॉरपोरेट्स से लोहा लिया।

**आगे की लड़ाई** : जैसे-जैसे कॉरपोरेट्स जमीन हड़प रहे हैं, सोरेन की रणनीति-गठबंधनों में संतुलन, नीतिगत जीत, और आदिवासी पहचान का हथियार—ओडिशा से मध्य प्रदेश तक के नेताओं के लिए मार्गदर्शक है। लेकिन चुनौतियां हैं: क्या आदिवासी राजनीति शासन में बदल सकती है? क्या झारखंड की खनिज संपदा इसके लोगों तक पहुंचेगी? क्या हेमंत सोरेन अपने पिता की विरासत को बचा पाएंगे? सोरेन का निधन ऐसे समय में हुआ है जब मोदी सरकार पर्यावरण मंजूरी और जमीन कानूनों में बदलाव के लिए आलोचना झेल रही है,

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अमरीका से सावधान रहे भारत

अमरीका विशुद्ध रूप से सदैव अपने व्यापारिक हितों को प्राथमिकता देता रहा है और उसे किसी की मैत्री या उन्नति से सरोकार नहीं, दुनिया के किसी देश से उसकी स्थायी दोस्ती नहीं। उसने 1965, 1971 और 2025 में भी भारत को ठुकरा कर पाकिस्तान जैसे आतंकी देश से दोस्ती की और भारत को रूस से अलग करने की चाल चली है। वह नहीं चाहता रूस-भारत मैत्री पक्की रहे। भारत को पश्चिम की चालों से बचकर अपने पड़ोसी चीन से रिश्ते सुधारने चाहिए। पश्चिम ने पहले भी घाव ही दिए और आगे भी शोषण ही करेगा। भारत में अटल जी के शासन काल में अमरीका के प्रतिबंध बेअसर रहे और अब भी 25 फीसदी टैरिफ निष्प्रभावी होगा। हमें लुक ईस्ट की नीति पर चलकर जांचे-परखे मित्र रूस से संबंध और प्रगाढ़ करने होंगे। अमरीका की चालों से बचना है।

*- वैभव देशमुख, दुर्ग*

## ट्रेंड

### भावभीनी श्रद्धांजलि



झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन को भावभीनी श्रद्धांजलि। दु:ख की इस घड़ी में उनके परिजनों से मिलकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उनका पूरा जीवन जनजातीय समाज कल्याण के लिए समर्पित रहा, जिसके लिए वे सदैव याद किए जाएंगे।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### शानदार प्रदर्शन



भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज में हमारे खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन। टीम इंडिया ने इस कड़े मुकाबले में असाधारण कौशल और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया, जिससे आज की जीत उनकी हकदार रही। इस अविश्वसनीय टेस्ट सीरीज में जीत के लिए टीम को बधाई।

**-पीयूष गोयल, केंद्रीय मंत्री**

### सारे केस झूठे



आप नेताओं के खिलाफ लगाये गए सारे केस झूठे हैं। समय के साथ सभी केसों में सच्चाई सामने आ जाएगी। जिन लोगों ने ये झूठे केस लगाए और जिन नेताओं के कहने पर ये झूठे केस लगाए, क्या उन सबको जेल नहीं भेजना चाहिए?

**- अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम दिल्ली**

### गर्व की बात



यह मेरे लिए अत्यंत सम्मान और सौभाग्य की बात है कि मैंने अपनी चौथी पुस्तक "डिफरेंट बट नो लेस" हमारे भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी को भेंट की।

**- अनुपम खेर, अभिनेता**

## करंट अफेयर

# हिरोशिमा में आज भी मृतकों के अवशेष की तलाश जारी

जब 80 वर्ष पूर्व छह अगस्त को पहला परमाणु बम विस्फोट हुआ था, तो हजारों मृतकों को आत्मघाती हमले के लिए प्रशिक्षित सैन्य नौकाओं द्वारा हिरोशिमा के दक्षिण में स्थित छोटे से ग्रामीण द्वीप निनोशिमा लाया गया था। आठ दशक पहले (80 वर्ष पूर्व) छह अगस्त 1945 को हुए परमाणु हमले के बाद अब भी हिरोशिमा के नजदीकी द्वीप पर मृतकों के अवशेष की तलाश जारी है। कई पीड़ितों के कपड़े जल गए थे और उनके चेहरे और अंगों से मांस के लोथड़े लटक रहे थे। वे दर्द से कराह रहे थे। ऐतिहासिक अभिलेखों के अनुसार, खराब चिकित्सा और देखभाल के कारण 25 अगस्त को जब फील्ड अस्पताल बंद हुआ



## ऑफ बीट

# आपके फोन में भी हैं कीटाणु सावधानी से करे सफाई

हम अपने हाथ धोते हैं, शॉपिंग ट्रॉलियों को कीटाणु मुक्त बनाने के लिए सैनिटाइज करते हैं और कैफे की टेबल को पोंछते हैं। लेकिन क्या हम अपने मोबाइल फोन की सफाई पर उतना ध्यान देते हैं, जबकि दिन के 24 घंटे में ज्यादातर समय यह हमारे हाथ में होता है। साफ-सफाई केवल हाथों की ही नहीं, बल्कि उस वस्तु की भी होनी चाहिए जिसे आप दिन में सबसे अधिक बार छूते हैं - आपका मोबाइल फोन। विशेषज्ञों के अनुसार, मोबाइल फोन हमारे जीवन का अहम हिस्सा बन चुके हैं, जिन्हें हम दिनभर कई बार छूते हैं और रसोई, भोजन कक्ष, यहां तक कि शौचालय तक ले जाते हैं।



## संक्षेप

### चांदा में रेलवे ट्रैक पर मिला शव

**युवक की मालगाड़ी से कटकर हुई मौत, पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

सुलतानपुर, चांदा कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ-वाराणसी रेलखंड पर महारानी पश्चिम गांव के समीप रविवार को दोपहर 2 बजे एक युवक का शव क्षत-विक्षत अवस्था में मिला था। मंगलवार को इस युवक की पहचान राजेश जायसवाल के रूप में हुई है। राजेश जायसवाल स्वर्गीय छठिराज जायसवाल के पुत्र थे और ग्राम लाखीपुर पर्वत, थाना आसपुर देवसरा, जनपद प्रतापगढ़ के निवासी थे। वह चांदा कोतवाली क्षेत्र के तातो मुरैनी बाजार में दुकान चलाते थे। घटना चांदा हाल्ट से लगभग 100 मीटर पश्चिम की ओर, चांदा पट्टी मार्ग के रेलवे क्रासिंग के पास हुई थी। रविवार को दोपहर चांदा आने के बाद राजेश सामने से आ रही तेज रफ्तार मालगाड़ी की चपेट में आ गए थे। परिजन चांदा कोतवाली पहुंचे और कपड़ों से शव की शिनाख्त की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सुलतानपुर भेजा गया। कोतवाल चांदा अशोक कुमार सिंह ने इस घटना की पुष्टि की है।

### कार्यकताओं के मान सम्मान से कोई समझौता नहीं

**सुल्तानपुर कांग्रेस की बैठक में जिलाध्यक्ष राणा ने कहा– बूथ स्तर तक मजबूत संगठन बनाएंगे**

सुलतानपुर, जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक लाल डिग्गी चौराहा स्थित एक होटल में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने की। इस दौरान जिला कमेटी के पदाधिकारियों और ब्लॉक अध्यक्षों के कार्यों की समीक्षा की गई। जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी का उद्देश्य जिले के प्रत्येक बूथ स्तर तक मजबूत संगठन खड़ा करना है। उन्होंने सभी कार्यकताओं और पदाधिकारियों से अपनी जिम्मेदारियों का पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन करने का आह्वान किया। राणा ने स्पष्ट किया कि पार्टी कार्यकताओं के मान-सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष या प्रशासन के दबाव में आने की आवश्यकता नहीं है। कार्यकताओं के हक की लड़ाई पूरी ताकत के साथ लड़ी जाएगी। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि कांग्रेस के कामों को जनता के बीच पहुंचाने की जरूरत है।

### भारतीय चमार महासभा प्रतिनिधिमंडल डीएम से मिला

**गोसाईगंज में जातिगत अपमान और धमकी मामले में डीएम ने दिए कार्रवाही के आदेश**

सुलतानपुर, थाना गोसाईगंज क्षेत्र के फतेहपुर संगत गांव में चिकित्सक के साथ हुई जातिगत बदसलूकी और फसल जोताई की घटना अब तूल पकड़ रही है। इस मामले में पुलिस की लापरवाही से नाराज होकर भारतीय चमार महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को जिलाधिकारी कुमार हर्ष से मुलाकात कर न्याय की मांग की। जब अनिल कुमार गौतम की फसल को गांव के ही ध्रुव बरनवाल उर्फ अम्मू ने जबरन जोत दिया। पीड़ित ने जब विरोध किया तो उन्हें जातिसूचक गालियां दी गईं और जान से मारने की धमकी दी गई।

# प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया भ्रमण

## कटान प्रभावित लोगों को वितरित किया खाद्यान्न किट

**अमन लेखनी समाचार / संतोष मिश्रा**

बहराइच। जनपद में हो रही वर्षा के फलस्वरूप नदियों के जलस्तर में हुई बढ़ोत्तरी के कारण जलभराव व बाढ़ जैसे हालात पैदा हो जाने के दृष्टिगत प्रदेश के मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच सूर्य प्रताप शाही ने जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र व अन्य अधिकारियों के साथ जनपद के प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया। सर्वप्रथम प्रभारी मंत्री श्री शाही ने घाघराघाट स्थित केन्द्रीय जल आयोग के गेज स्टेशन पहुंचकर नदियों के जल स्तर के बारे में जानकारी प्राप्त की। मौके पर मौजूद अधि.अभि. सरयू ड्रेनेज खण्ड जे.पी. वर्मा ने प्रभारी मंत्री को नदियों के रूझान, जल स्तर एवं वाटर डिस्चार्ज के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।



गेज स्टेशन के निरीक्षण के उपरान्त प्रभारी मंत्री श्री शाही ने घाघराघाट स्थित बाढ़ चौकी व चिकित्सा शिविर का निरीक्षण कर बाढ़ पीड़ितों के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्रभारी मंत्री श्री शाही ने ग्रामवासियों को आश्वस्त किया कि आपदा के दौरान प्रदेश सरकार, शासन व प्रशासन आपके साथ है। घाघराघाट बाढ़ चौकी के निरीक्षण के उपरान्त प्रभारी मंत्री श्री शाही ने तहसील महसी अन्तर्गत ग्राम पूरे सीताराम में स्थापित बाढ़ शरणालय पहुंचकर विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, डीएम व अन्य के साथ कटान प्रभावित लोगों को खाद्यान्न किट का वितरण किया। प्रभारी मंत्री श्री शाही ने ग्रामवासियों से कहा कि जनपद के बाढ़ प्रभावित लोगों के राहत एवं बचाव कार्यों के लिये योगी सरकार अत्यन्त संवेदनशील है तथा कार्यों की नियमित रूप से निगरानी भी की जा रही है। इस अवसर पर डीएम, एसपी, सीडीओ, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, एसडीएम राम दयाल, विधायक महसी के प्रतिनिधि अखण्ड प्रताप सिंह उर्फ गोलू भईया, पार्टी पदाधिकारी रामनाथ जायसवाल, संजय त्रिवेदी, शैलेन्द्र सिंह, राहुल राय, अरूणेन्द्र सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि व ग्रामवासी मौजूद रहे।

# एसकेएस नर्सिंग कालेज में हुई नुक्कड़ नाटक व पोस्टर प्रतियोगिता

## स्तनपान के फायदे के बारे मे दी गई जानकारी

**अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा**

बहराइच। बहराइच-सीतापुर मार्ग के सबलापुर स्थित डॉक्टर सर्वेश कुमार शुक्ला ग्रुप आफ इंस्टीट्यूटशंस में स्तनपान सप्ताह मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ संगीता मेहता रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती पूजा अर्चना व दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक व पोस्टर प्रतियोगिता के जरिए स्तनपान के बारे में विधिवत जानकारी दी। डा. संगीता मेहता ने कहा कि बच्चे के लिए मां का दूध जरूरी है। यह बच्चें के लिए संपूर्ण आहार है। शुरू के छह माह तक बच्चें को पानी न देकर मां का दूध ही दिया जाना चाहिए। इसमें रोगों से लड़ने की प्रतिरोधक क्षमता भी होती है। जन्म के बाद शुरू के तीस मिनट मां का दूध सबसे उत्तम है।



डायरेक्टर पल्लवी शुक्ला ने स्तनपान के बारे में जानकारी दी। पोस्टर प्रतियोगिता में बीएससी नर्सिंग की नैंशी गुप्ता, प्रिंशी वर्मा, जेबा व जीएनएम की छात्रा पूजा, ज्योति ने प्रतिभाग किया। जिसमें नैंशी गुप्ता ने प्रथम स्थान व जेबा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। संचालन शिक्षिका प्रतीज्ञा पाठक ने किया। इस मौके पर मैनेजर आस्था शुक्ला, नर्सिंग प्राचार्य हरीश नागर, शिक्षक आलोक शुक्ला, फूलचंद्र डावरिया, राहुल श्रीवास्तव, चंदन शर्मा, मोहम्मद अशरफ, पुष्पेन्द्र तिवारी, सुषमा गिरी, सौम्या सिंह, आंचल सिंह, कीर्ति मिश्रा, सौम्या सिंह, मधु उपाध्याय, संगीता पाल, ईशा ? वर्मा, फरहत खान, लवीशा प्रजापति, समेत अन्य मौजूद रहे।

# डीसीएम व ट्रक की भिड़ंत में घास लेकर जा रही महिला हुई गंभीर जख्मी



**अमन लेखनी समाचार**

शिवपुर, बहराइच। जिले के शिवपुर- इमामगंज तटबंध पर बीते बुधवार शाम करीब 6 बजे मौरंग से लदी ट्रक व डीसीएम में भिड़ंत हो गई। जिससे डीसीएम अनियंत्रित होकर बांध से नीचे पलट गई। वहीं घास लेकर पैदल जा रही लौकिहा गांव निवासी सम्मारी की पत्नी सावित्री देवी चपेट में आ गई और वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिला को सीएचसी शिवपुर पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। चिकत्सक ने बताया कि महिला के सिर और सीने में गंभीर चोटें आई हैं। बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने पीछा कर इमामगंज से पहले ही चालकों को पकड़ लिया। वहीं आरोप है कि इमामगंज के कुछ लोगों ने ट्रक सहित दोनों ड्राइवर को भगा दिया एवं मारपीट की। इससे नाराज लौकिहा गांव के दर्जनों ग्रामीण आक्रोशित होकर शिवपुर इमामगंज मार्ग को जाम कर दिया। प्रदर्शनकरियों ने वाहन चालकों व उन्हें भागने में मदद करने वालों को पकड़ने की मांग पर अड़े रहे। मौके पर पहुंचे नवागत थानाध्यक्ष राशिद अली खान ने कार्यवाही का आश्वासन देते हुए मामला शांत कराया।

# सामाजिक चेतना अभियान के अंतर्गत एसएसबी ने छात्राओं को वितरित किया सेनेटरी पैड

**अमन लेखनी समाचार**

**संतोष मिश्रा/मिथिलेश जायसवाल**

बहराइच। 59 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, द्वारा ₹सामाजिक चेतना अभियान₹ के अंतर्गत सीमवर्ती स्कूल व ग्रामीण छात्राओं में 1662 सैनेटरी पैड वितरण कर व्यक्तिगत स्वच्छता एवं उत्तम स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। 59 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल नानपारा द्वारा सीमावर्ती कार्य क्षेत्र में सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत गुरुवार को राजकीय इंटर कॉलेज मधवापुर एवं श्री शिवशंकर सिंह इंटर कॉलेज अमृतपुर में स्कूल व ग्रामीण छात्राओं के लिए 1662 सैनेटरी पैड वितरित कर व्यक्तिगत स्वच्छता और उत्तम स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए महिलाओं के प्रति बल द्वारा अहम भूमिका निभाई गई। कार्यक्रम से लगभग 200 छात्राओं/महिलाओं को निःशुल्क सैनेटरी पैड्स प्रदान किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों व्यक्तिगत स्वास्थ्य व स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्वच्छता उत्पादों की सुलभता के बारे में जानकारी उपलब्ध करना था। जिससे सरकार द्वारा चलाये जा रहे अभियान ह्वबेटी बचाव झ बेटी पढाओ बेटियों को स्वास्थ्य बनाने के सपने को पूरा किया जा सके। कार्यक्रम 59वीं वाहिनी के कमांडेंट कैलाश चंद रमोला के मार्गदर्शन में सहायक कमांडेंट प्रशांत पोतभारे द्वारा कराया गया। इस मौके पर राजकीय इंटर कॉलेज माधवापुर की प्राचार्या श्रीमती शकुंतला





देवी , शिवशंकर सिंह इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य लाल बिहारी कुशवाहा, मधवापुर की प्रधान श्रीमती आशा देवी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सहायक कमांडेंट प्रशांत पोटभरे ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की पहल छात्राओं को न केवल स्वच्छता के प्रति जागरूक करती है बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सार्थक कदम भी है।कार्यक्रम में दोनों कॉलेज के प्रधानाचार्य सहित अध्यापकगण व छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया वहीं दोनों कॉलेज के प्रधानाचार्य व मधवापुर के प्रधान ने कार्यक्रम को अत्यंत लाभप्रद बताते हुए अपने सम्बोधन में एसएमबी की सराहना की। इस मौके पर छात्र-छात्राओं समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# उर्वरक बिक्री केन्द्र ललई बाग का प्रभारी मंत्री ने किया निरीक्षण



**अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा**

बहराइच। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के निरीक्षण से जिला मुख्यालय आते हुए प्रदेश के मा. मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच श्री सूर्य प्रताप शाही ने विकास खण्ड तजवापुर अन्तर्गत बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड, ललईबाग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सोसायटी पर कृषक मौजूद थे और उर्वरक की बिक्री की जा रही थी। प्रभारी मंत्री ने मौजूद कृषकों से वार्ता कर खेत खलिहान के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा सोसायटी के अभिलेखों का निरीक्षण कर पूर्व में उर्वरक क्रय करने वाले किसानों से मोबाइल पर वार्ता कर फीड बैक भी प्राप्त किया। श्री शाही ने सचिव को निर्देश दिया कि शासन की मंशानुरूप किसानों का उर्वरक का वितरण किया जाय।

# खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा संग्रहीत किये गये खाद्य नमूने

**अमन लेखनी समाचार**

बहराइच। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ.प्र. व जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर आगामी रक्षाबन्धन पर्व के अवसर पर मिलावटी खाद्य पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, बहराइच द्वारा चलाये जा रहे अभियान अन्तर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की 02 टीम द्वारा बेड़नापुर बाजार में बंगाली स्वीट हाउस के प्रतिष्ठान से पनीर, खोया व पेडा, बंजारी मोड से पेडा, राजू स्वीट्स तिकोनी बाग से बर्फी के नमूने संग्रहीत किये गये। इसी प्रकार पीपल चौराहा, बहराइच स्थित जानकी स्वीट्स से पेडा, मिल्ककेक व टिकोरा मोड, से बर्फी, खोया, पनीर एवं 02 पेडा का नमूना संग्रहित किया गया। दूसरी टीम द्वारा रूपईडीहा, बहराइच से दूध,



बर्फी, खोया, सोन पापड़ी का नमूना संग्रहित कर जांच हेतु खाद्य विश्लेषक को प्रेषित किये जा रहे है। इस प्रकार रक्षा बन्धन त्यौहार में अभी तक कुल-34 नमूनें संग्रहित किये गये। उपरोक्त खाद्य कारोबारकताओं को साफ-सफाई रखने के निर्देश दिये गये है तथा जागरूकता हेतु स्टीकर चस्पा कराया गया। रक्षा बन्धन त्यौहार को ध्यान में रखते हुए विशेष अभियान जनपद की समस्त तहसीलों एवं बाजारों में चलाया जा रहा है, जो आगे भी चलाया जाता रहेगा। नमूना संग्रहण हेतु गठित टीम में सहायक आयुक्त (खाद्य) डॉ. अमर सिंह वर्मा, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरूण कुमार शुक्ल, खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. विवेक कुमार वर्मा, मुकेश कुमार श्रीवास्तव, श्रीमती प्रीती वर्मा, आदित्व वर्मा, अजय कुमार सिंह व कृपा शंकर शामिल रहे।

# ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

## जमालपुर रेलवे फाटक के पास हुआ हादसा, बबराला से घर लौट रहा था

**अमन लेखनी समाचार**

अलीगढ़ , थाना सिविल लाइन इलाके में ट्रेन से गिरकर युवक की मौत हो गई। हादसे के वक्त युवक सम्भल के कस्बा बबराला से वापस आ रहा था। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने दोपहर शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। शहर के थाना बन्नादेवी इलाके के सराय रहमान बड़ी मस्जिद के पास रहने वाले अख्तर अली वर्तमान में रामनगर में रहते हैं। 4 बेटा और दो बेटियों में 3 नम्बर का 37 वर्षीय बेटा रिजवान उनके साथ रहता था। जबकि परिवार के अन्य सदस्य सराय रहमान में ही रहते हैं। अख्तर अली ने बताया कि सोमवार को उनका बेटा रिजवान किसी काम के चलते कस्बा बबराला



गया था। सोमवार रात्रि वापस घर आ रहा था। इसी दौरान जमालपुर रेलवे फाटक के पास ट्रेन से गिरकर उसकी मौत हो गई। रेलवे लाइन पर शव पड़ा देख आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। शोर शराबा सुनकर वह भी मौके पर पहुंच गए। बेटा रिजवान का शव देख उनके होश उड़ गए। सिविल लाइन पुलिस मौके पर आ गई। हादसे की खबर उन्होंने अपने अन्य बेटों को दी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर शव मोर्चरी में रखवा दिया।

अख्तर अली ने बताया कि बेटे रिजवान की शादी करीब 6 साल पहले हुई थी। लेकिन कुछ समय बाद तलाक हो गया था।

वह एक कारखाने में नोकरी करता था। हम दोनों एक साथ ही रहते थे। वह भी काफी समय से बीमार रहते है। उनको डॉक्टर ने खून की कमी बताई है।

खून पानी हो गया। काफी दिन मेडिकल कॉलेज में इलाज चला और पिछले दिनों ब्लड भी चढ़ाया गया था। वह दो दिन पहले ही मेडिकल कॉलेज से डिस्चार्ज होकर घर आये हैं। इधर, मंगलवार को शहर में सीएम योगी आदित्यनाथ का प्रोग्राम था। पुलिस वहीं व्यस्त थी। कार्यक्रम के बाद पुलिस ने पंचायत नामा की कार्यवाही की और पोस्टमार्टम हुआ।

# भाकियू पदाधिकारियों से पुलिस ने छीना सीएम योगी का पुतला

## विभिन्न मांगों को लेकर सीएम से मिलना चाहते थे, प्रशासन ने रोका

**अमन लेखनी समाचार**

अलीगढ़ , उत्तर प्रदेश के जिला अलीगढ़ में सीएम योगी आदित्यनाथ आए थे। उनसे भारतीय किसान यूनियन (सुनील गुट) के पदाधिकारी विभिन्न मांगों को लेकर मिलना चाहते थे। इसकी सूचना उन्होंने प्रशासन को पूर्व में दे दी थी। इसके बाद भी उनको मिलने से पुलिस प्रशासन ने रोक दिया। नाराज पदाधिकारियो ने सीएम और जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पुतला दहन का प्रयास भी किया। लेकिन पुलिस ने उनसे पुतला छीन लिया। भारतीय किसान यूनियन सुनील गुट के अध्यक्ष सुनील सिंह के नेतृत्व में भारी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मार्च निकालते हुए रामघाट रोड पर पहुंचे। वह मुख्यमंत्री से मिलना चाहते थे। लेकिन क्वार्सी चौराहे पर पुलिस ने उनको रोक लिया। पुलिस और कार्यकताओं में हल्की धक्का



मक्की हुई। उन्होंने सीएम का पुतला फूंकने का फूंकने का प्रयास किया । जिसको पुलिसकर्मियों ने छीन लिया। गुस्साए लोगों ने सीएम के खिलाफ नारेबाजी की। कहा, जब जब योगी डरता है, पुलिस को आगे करता है। पुलिस प्रशासन मुदार्बाद के नारों से रामघाट रोड गूंज उठा। सुनील सिंह ने कहा कि जिले में साथा मील बन्द होने से किसानो को भारी नुकसान और परेशानी का दंश झेलना पड़ रहा है। इसको अतिशीघ्र ही चालू कराया जाये। पूरे उत्तर प्रदेश में किसानों को समय पर डी.ए.पी व यूरिया खाद की उपलब्धता कराई जाए। प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की भारी समस्या है । किसान के खेती हेतु ट्यूवल पर बिलली की आपूर्ति की जाए। वहीं, जनपद मथुरा के कोटा मोजा में चल रहे भाकियू सुनील के बैनर तले 51वें दिन से अनिश्चितकालीन धरना बैठे किसानों की मांग है

### बहला फुसलाकर युवती को ले गया युवक, दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर अन्तर्गत एक लड़की को बहला-फुसलाकर कर भगा ले जाने पर भाई ने नामजद कर मुकदमा दर्ज कराया है ।थाना क्षेत्र के एक गाँव से भाई ने तहरीर देते हुए बताया कि उसकी 25 वर्षीय बहन को मंगलवार शाम पास के ही गाँव का सतीश कुशवाहा बहला फुसलाकर बिना बताये कही लेकर चला गया है ।काफी खोजबीन करने के बाद बहन का कही पता नही चल सका ।किसी अनहोनी की आशंका को लेकर उसने पुलिस को तहरीर दी है ।थानाध्यक्ष धर्मेंद नाथ मिश्रा ने बताया मुकदमा दर्ज कर लिया गया ।लड़की के खोजबीन के प्रयास किये जा रहे है ।

### जमीनपर कब्जा को लेकर दबंगो ने की मारपीट

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। बारा सगवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव निवासिनी महिला ने थाने में तहरीर दिया कि मेरा मकान बक्सर रोड पर बना हुआ है प्लांट के बगल में मेरी भूमि मेरे नाम दर्ज है भूमि पर कब्जा करने की नियत से मुकेश पुत्र हरदेव सिंह निवासी खारझारा तथा राज सिंह पुत्र नेपाल सिंह निवासी टंडासपुर मिलकर भाड़े के गुंडा बुलाकर कर लाए जिसमें कुछ औरतें और कुछ लोग लाठी डंडा लेकर आए थे दो बोलेरो व मोटरसाइकिल आए मेरे मकान के अंदर घुसकर मारपीट की व बाहर खड़े हो कर मेरे जेठ शिवाजी के 3 साल के बच्चे को उठाकर फेंक दिया राज सिंह पुत्र नेपाल सिंह सानू सिंह पुत्र छत्रपाल सिंह के द्वारा मेरे साथ छेड़खानी की और औरतों ने मुझे मारा पीटा और उसका वीडियो मुकेश कुमार खड़े होकर के बनाया वही मोबाइल छीन लिया और मुझे घसीटते हुए रोड तक ले गए मारपीट में मेरी जेठानी सहित कई लोग घायल हुए बेहोश हो गए पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया मेरे गले में पड़ी सोने की चैन व मंगलसूत्र नहीं था घटनास्थल पर बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल मिली जो हमारे मकान पर खड़ी हुई है दिए गए तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लियो

# सीएचसी पर हुई स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा बैठक

## 14 बिंदुओं पर दिए निर्देश, सरकारी संस्थानों में प्रसव और अपडेटेड एएनसी सूची रखने पर जोर

**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी, अमेठी में जिलाधिकारी के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर (बीपीएम) शंभूनाथ पाण्डेय ने की। इस बैठक में क्षेत्र की सभी एएनएम उपस्थित रहीं। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए 14 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। बीपीएम ने निर्देश दिए कि सभी सब-सेंटर पर चिन्हित डिलीवरी प्वाइंट पर ही प्रसव कराए जाएं। उन्होंने आशाओं को अपने क्षेत्र की एएनसी (एंटीनेटल केयर) सूची अद्यतन रखने का निर्देश दिया। बैठक में स्पष्ट किया गया कि प्राइवेट संस्थानों के बजाय प्रसव केवल सरकारी केंद्रों पर ही कराए जाएं। एचबीएनसी विजिट की संख्या और गुणवत्ता बढ़ाने पर जोर दिया गया। एनबीएसयू में कम वजन



के नवजात शिशुओं की भर्ती सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। एचएमआईएस डेटा का सटीक वेलिडेशन करने, एमएमआर और सीडीआर की रिपोर्टिंग तथा ऑडिट की समीक्षा कर आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए गए। वित्तीय अनुशासन के तहत एनएचएम बजट का समयबद्ध उपयोग सुनिश्चित करने को कहा गया। सभी टीकाकरण सत्रों के नियमित संचालन और वीएचएसएनडी पर जरूरी सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जीरो सत्र न होने की सख्त हिदायत दी गई। एचआरपी (हाई रिस्क प्रेग्नेंसी) पर विशेष ध्यान देने और पीएमएसए डे पर कम से कम 15 एचआरपी केस चिन्हित करने का निर्देश दिया गया। वीएबी चिन्हांकन और कन्वर्जन कार्य में तेजी लाने, चौथी एएनसी की संख्या बढ़ाने और यू-बिन पोर्टल पर डेटा अपडेट करने के निर्देश भी दिए गए।

## संक्षेप

### स्मैक तस्करी करने वाले दो गिरफ्तार

**अनजान आदमी कराता था स्मैक की तस्करी, 2.6 किलो स्मैक और मोटरसाइकिल बरामद**

गाजियाबाद , थाना लोनी पुलिस टीम ने मादक पदार्थों की तस्करी पर एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दो शातिर तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 2 किलो 638 ग्राम अवैध स्मैक और एक टीवीएस मोटरसाइकिल बरामद की गई है, जिसका प्रयोग तस्करी में किया जा रहा था। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ एनडीपीसी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई मुखबिर की सूचना पर की गई। लोनी इंटर कॉलेज के पास, लोनी तिराहा क्षेत्र में चेकिंग के दौरान पुलिस ने इन दोनों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विकास (18) और मोहन (40) के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने अपना अपराध कुबूल करते हुए बताया कि उन्हें एक अनजान व्यक्ति स्मैक से भरे बैग देता है और किसी तय जगह पर पहुंचाने को कहता है। बदले में उन्हें 4-5 हजार रुपये मिलते हैं। दोनों ने स्वीकार किया कि वे इस प्रकार की तस्करी पहले भी कई बार कर चुके हैं। मोटरसाइकिल भी उन्होंने अपने मौसा से तस्करी के लिए ली थी। पुलिस ने बताया कि मामले की गहन विवेचना जारी है और स्मैक तस्करी के पीछे मौजूद नेटवर्क का पता लगाया जा रहा है। फिलहाल आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है और आगे की विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

### नबाव विहार कॉलोनी में 10 दिनों से जलभराव

**नाले का पानी भरने से परेशान लोगों ने किया प्रदर्शन, तहसील घेराव की चेतावनी**

मोदीनगर, नबाव विहार कॉलोनी में पिछले दस दिनों से नाले का पानी भर रहा है। कॉलोनी की सड़कों और खाली प्लॉटों में दो से तीन फीट तक पानी जमा है। इससे 50 से अधिक परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कॉलोनी निवासी आशा वर्मा और हरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि नगर पालिका परिषद द्वारा नाले का निर्माण कार्य बीच में ही छोड़ दिया गया है। इस कारण नाले का पानी कॉलोनी में आ रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच महीने से वे इस समस्या से जूझ रहे हैं। पानी के सड़ने से संक्रामक बीमारियां फैल रही हैं और लोग बीमार हो रहे हैं। कॉलोनी के निवासियों ने कई बार नगर पालिका परिषद के अधिकारियों, विधायक डॉ. मंजू शिवाच और सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान से समस्या के समाधान की गुहार लगाई है। लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला है। गलवार को कॉलोनी के लोगों ने पानी निकासी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया और जमकर हंगामा किया। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे तहसील का घेराव करेंगे। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा। उपजिलाधिकारी अजीत सिंह ने बताया कि उन्हें कॉलोनी में जलभराव की सूचना मिली है। उन्होंने नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को पानी निकासी करने का निर्देश दिया है

# मां मैं कायर नहीं हूं कहकर युवक ने दी जान

**प्रयागराज में मां बोली–बेटे का बाल पकड़कर घसीटा, फिर थाने में पुलिस से पिटवाया**

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज, युवक ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। मरने से पहले मां से बोला-मैं कायर नहीं हूं, कभी हालत ऐसे हो जाते हैं, कुछ समझ ही नहीं आता। इसके बाद कमरे में गया, वहां पर पंखे में तौलाई लगाकर फंदा बनाया। गले में फंसाकर खड़ा हो गया। मां ने देखकर कहा कि बेटा ये क्या कर रहा है। नीचे उतर आ, वो नहीं माना, लटक गया। मां खिड़की से चीखती रही। इसके बाद सिर पकड़कर रोने लगी। बहन को फोन कर बुलाया। बहन ने पुलिस को जानकारी दी। मां का आरोप है कि मोहल्ले के लोगों ने 6 अगस्त को उसे पीटा था, इसके बाद थाने ले गए। वहां पुलिस को पैसे देकर उनसे भी पिटवाया। मैं थाने पहुंची, तब उसे छोड़ा। तब से वो परेशान था। ऐसा कदम उठा लेगा, कभी नहीं सोचा था। आरोपियों पर कार्रवाई होनी चाहिए।




पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। ये मामला खुल्दाबाद के करबला कस्बे का है। 9 साल पहले पिता छोड़कर चले गए करबला में राम प्रसाद वर्मा की पत्नी बिन्दु वर्मा, बेटी पूजा वर्मा व बेटा शनि उर्फ नवाब रहते हैं। 9 साल पहले उनका पति राम प्रसाद वर्मा उनको छोड़कर चले गए। तब से घर नहीं आए। बिंदु वर्मा ने बताया-मूलतः वह मध्यप्रदेश की रहने वाली हैं। लेकिन, 20 साल पहले पति के साथ यहां आकर बस गए। बच्चों का पेट पालने के लिए वो खुद प्राइवेट वर्क करती हैं। किराए के मकान में रहकर गुजर बसर पर रही हैं। बेटा शनि उर्फ नवाब प्राइवेट जॉब करता है। बेटी पूजा वर्मा करेली के एक डेंटल क्लिनिक में काम करती है। मां बोली-मेरे आने पर पुलिस ने छोड़ा मां बिंदु ने बताया-इलाके के रहने वाले काला की एक बार मेरे बेटे शनि से किसी बात बहस हो गई थी। इसके बाद से वो दुश्मनी रखता है। साहिल सोनकर, दिलावर, शुभम दिलावर मोंटी, अभिषेक, स्वयं 6 अगस्त को घर आए। ये सब काला के दोस्त हैं। शनि का बाल पकड़ कर घसीटकर ले गए। लाठी-डंडों से पीटा। इसके बाद थाने ले गए। वहां पर पुलिस से पिटवाया। जानकारी पर मैं पहुंची, तब पुलिस वालों ने छोड़ा। बहन बोली-बहुत रो रहा था भाई बहन पूजा वर्मा ने बताया-मेरे भाई को बेरहमी से मारा गया। उसके दाढ़ी और छाती के बाल नोंचे गए थे, हाथ पूरी तरह नोचा हुआ था, उंगली टेढ़ी हो गई थी। वह बार-बार कह रहा था कि मुझे बहुत पीटा गया है, दर्द हो रहा है। उन्होंने पहले भी उसे मारा था।

# बाढ़ से मोहल्ला जलमग्न, जमींदोज हुआ मकान

**लोग बोले–हम अंदर थे, आवाज सुनकर भागे, बिना घर के जीवन काट रहे**

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज, करेली इलाके के नुरुल्ला रोड स्थित सदियापुर ईडन गार्डन में बाढ़ के पानी ने एक गरीब परिवार की जिंदगी में तबाही ला दी। पिछले 20 दिनों से बगल के नाले और आसपास के इलाकों में भरे बाढ़ के पानी से गुरुवार को एक मकान अचानक जमीन में धंस गया। इस दर्दनाक हादसे में एक पूरा परिवार बेघर हो गया, हालांकि समय रहते सभी लोगों ने किसी तरह जान बचा ली। लेकिन जो कुछ भी उन्होंने सालों की मेहनत से जोड़ा था, वह पलभर में मलबे में तब्दील हो गया। शिवबरन निषाद के बेटे भूपेंद्र निषाद अपनी पत्नी रेखा निषाद और तीन बच्चों के साथ इस मकान में रहते थे। जब हादसा हुआ, तब पूरा परिवार घर के अंदर ही मौजूद था। अचानक मकान की दीवारें और फर्श हिलने लगे और देखते ही देखते पूरी इमारत धराशायी हो गई। आवाजें सुनते ही परिवार जैसे-तैसे बाहर भागा और अपनी जान बचाई, लेकिन मकान पूरी तरह पलट चुका था। रेखा निषाद, जो अब अपने उजड़े आशियाने को देखकर बेसुध हो चुकी हैं, रो-रोकर कहती हैं, पूरी जिंदगी की कमाई हमने इस घर को बनाने में लगा दी थी। अब कुछ नहीं बचा। हमारी बेटी की शादी करनी है, लेकिन अब तो खुद सिर छिपाने की जगह नहीं है। हम कहां जाएं? उनका दर्द हर उस परिवार की कहानी बयां करता है जो प्राकृतिक आपदाओं की मार से उजड़ जाते हैं। परिवार के बेट कहना है कि यह पुस्तैनी जमीन थी और उनके पिता शिवबरन निषाद ने वर्षों तक मजदूरी करके इस घर को बनाया था। हम रोज की मजदूरी करके घर चलाते हैं। अब कुछ नहीं बचा, घर भी गया और रोजी-रोटी भी खतरे में पड़ गई। हमारा तो सब कुछ खत्म हो गया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कुछ हफ्तों से नाले में बाढ़ का पानी लगातार जमा हो रहा था, जिससे इलाके की जमीन कमजोर हो गई थी। नतीजा यह हुआ कि जमीन धीरे-धीरे अंदर धंसने लगी और आखिरकार यह हादसा हो गया।

# मजदूर परिवार पर हमला

**गाली का विरोध करने पर दबंगों ने की मारपीट और पथराव, दो लोग घायल**

अमन लेखनी समाचार

बागपत, कोतवाली क्षेत्र के पुराने कस्बे में एक मजदूर परिवार पर दबंगों ने हमला कर दिया। गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने मारपीट और पथराव किया।



इस घटना में मजदूर परिवार के दो लोग घायल हो गए। पीड़ित मजदूर आरिफ ने बताया कि जब कुछ लोग गाली-गलौज कर रहे थे, तो उसने इसका विरोध किया। इसके बाद आधा दर्जन से अधिक लोगों ने उनके परिवार पर हमला बोल दिया। हमलावरों ने मारपीट की और पथराव भी किया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कैसे दबंग लोग मजदूर परिवार पर हमला कर रहे हैं। पीड़ित परिवार ने पुलिस से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में उपचार के लिए भेजा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है और आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पत्नी से छेड़छाड़ का विरोध करने पर पति पर हमला

- पुलिस ने मामूली धाराओं में दर्ज किया केस, पीड़ित परिवार पहुंचा एसएसपी ऑफिस

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , किठौर थाना क्षेत्र में एक परिवार पर दबंगों द्वारा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पत्नी के साथ छेड़छाड़ का विरोध करना पति को भारी पड़ गया, जब आरोपियों ने घर में घुसकर परिवार पर हमला कर दिया। किठौर थाना के ग्राम बहरोडा की रहने वाली एक महिला अपने घायल पति के साथ एसएसपी ऑफिस पहुंची। महिला ने बताया कि 31 जुलाई को गांव के ही रहने वाले नरेंद्र, रविंद्र, देवेंद्र (तीनों हरलाल के पुत्र) और लविश, हरेंद्र (दोनों रविंदर के पुत्र) उसके साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें कर रहे थे। महिला ने इसकी शिकायत अपने पति से की थी। जब उसके पति ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने घर में घुसकर लाठी-डंडों से परिवार पर हमला कर दिया। इस हमले में



पीड़िता के पति, देवर और बेटे को गंभीर चोटें आईं। पीड़िता ने थाना पुलिस से शिकायत की, लेकिन उसका आरोप है कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामूली धाराओं में ही मुकदमा दर्ज किया। इससे दबंग आरोपी खुले घूम रहे हैं और परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। इसी कारण पीड़ित परिवार मारपीट का वीडियो लेकर एसएसपी ऑफिस पहुंचा और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। एसएसपी ने पीड़ित परिवार को कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# खरक-डगरपुर मार्ग पर जलभराव से ग्रामीण परेशान

**सड़क पर पानी भरने से आवागमन बाधित, लोगों में आक्रोश**



अमन लेखनी समाचार

बागपत, खरक से डगरपुर और विनयपुर जाने वाले मार्ग पर जलभराव से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के समाधान की मांग को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया है। ग्रामीणों का कहना है कि मार्ग पर जलभराव के कारण चलना मुश्किल हो गया है। आए दिन बाइक सवार गिरकर घायल हो रहे हैं। यह मार्ग अन्य गांवों से भी जुड़ा हुआ है, जिससे अन्य राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि वे कई बार उच्च अधिकारियों से शिकायत दर्ज करा चुके हैं। लेकिन आज तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। इससे परेशान होकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया और उच्च अधिकारियों से समस्या के समाधान की मांग की है इस दौरान प्रदर्शन में जगमाल, सोबिन्द्र, संजीव, प्रमोद, राहुल, किशन, राधे, प्रवीण आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# छठे फ्लोर से बेसमेंट तक गिरी लिफ्ट

- दो लोग अंदर थे, सोसाइटी में कई दिनों से खराब थी; कई बार शिकायत कर चुके

अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा वेस्ट की एम्स ग्रीन एवेन्यू सोसाइटी में एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया। सोसाइटी के एच टावर की लिफ्ट छठे फ्लोर से फ्री फॉल होकर सीधे बेसमेंट में जा गिरी। घटना के समय लिफ्ट में सोसाइटी के दो निवासी विकास तोमर और गिरीश सवार थे। विकास ने बताया कि जब वे छठे फ्लोर से नीचे जा रहे थे, तभी लिफ्ट अचानक फ्री फॉल हो गई। गनीमत रही कि दोनों को कोई गंभीर चोट नहीं आई, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। निवासियों का आरोप है कि एच टावर की यह लिफ्ट कई दिनों से खराब चल रही थी। इसकी शिकायत बिल्डर प्रबंधन से कई बार की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। टावर में केवल एक ही लिफ्ट संचालित है और



वह भी अक्सर खराब रहती है। घटना के बाद पीड़ितों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मेंटेनेंस प्रबंधन से बात की। निवासियों का आरोप है कि मेंटेनेंस प्रबंधन की ओर से उन्हें धमकी दी जा रही है कि कुछ भी नहीं होगा। सोसाइटी में अन्य समस्याएं भी हैं। बेसमेंट में गंदे पानी के कारण रहवासियों को परेशानी हो रही है। निवासियों के अनुसार, सोसाइटी में कुल चार लिफ्ट हैं, लेकिन केवल एक ही चल रही है, जो कभी भी बंद हो जाती है। पीड़ितों ने बिल्डर प्रबंधन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। सोसाइटी के लोग इन समस्याओं से काफी परेशान हैं और त्वरित समाधान की मांग कर रहे हैं।

# लोन दिलाने के नाम पर 250 से ठगी

**जाइंट टीम ने पकड़ा फर्जी कॉलसेंटर, 11 गिरफ्तार, एक्सल शीट पर मिला लाखों लोगो का डेटा**

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, साइबर क्राइम, फेज-1 थाना और सर्विलांस टीम ने संयुक्त रूप से एक फर्जी कॉल सेंटर और 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। ये लोग जीरो प्रतिशत ब्याज पर लोन देने का झांसा देकर ठगी करते थे। इनके पास से मिली एक्सेल शीट पर देश के लाखों लोगों का डेटा मिला है। जिसे वेरिफाइ किया जा रहा है। डीसीपी नोएडा यमुना प्रसाद ने बताया कि जिस समय छापा मारा गया उस दौरान ये कॉलसेंटर आपरेट हो रहा था। कॉलसेंटर नोएडा के सेक्टर-16 में संचालित हो रहा था। ये लोग 250 से ज्यादा लोगों को ठग चुके है। डीसीपी ने बताया कि ये लोग डार्क वेब या अन्य माध्यमों से लोगों का डेटा लेते थे। जिसमें व्यक्ति का नाम, पता, मोबाइल नंबर, जन्म तिथि और भी जानकारी होती है। इसके बाद कस्टमर को कॉल



करके उन्हें 0% ब्याज पर लोन देने का झांसा देते थे। फिर कस्टमर को अपने जाल में फंसाकर लोन, रजिस्ट्रेशन एवं जीएसटी जमा करने के नाम पर उनसे पैसे लते थे। इसी बीमा पॉलिसी कराने के लिए भी प्रोसेसिंग फीस लेते थे। जिसके बाद उनके फर्जी दस्तावेज भेजते थे। इसके बाद कुछ बीमा कंपनियों को बीमा की राशि जमा करते और वहां से भी 40 से 60 प्रतिशत मक कमीशन लेते है। इस कॉल सेंटर का डायरेक्टर गौरव जोशी व उसकी पत्नी नेहा है। दोनों ही मौके पर मौजूद नहीं मिले। पुलिस टीम इनकी गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। वहीं मौके से 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें विक्रम सिंह, अमन, केशव कुमार झा, अरमान चौधरी, मोहित, राहुल सिंह, फिरोज खान, राहुल कुमार, अक्षय कुमार मिश्रा, पंकज सिंह और दिव्या वर्ष हुई है। अभियुक्तों के कब्जे से 43 लैंडलाइन फोन, 21 मोबाइल फोन, 05 लैपटॉप, 61 सिम कार्ड, 36 सिम कार्ड के खाली लिफाफे व कस्टमरों का अनधिकृत रूप से लिया गया डाटा की 10 फाइलें बरामद की गयी है। इनके पास से 43 लैंडलाइन फोन, 21 मोबाइल फोन, 05 लैपटॉप, 61 सिम कार्ड, 36 सिम कार्ड के खाली लिफाफे मिले है। बरामद किए गए डेस्क फोन की आईएमआई पर बैंगलोर सिटी से शिकायत एन-सीआरपी पर दर्ज है। जिसको ट्रैक किया गया तो इस कॉल सेंटर की जानकारी मिली।

नजर रखी गई जिसके बाद पूरे मामले खुलासा किया गया। छापेमारी के दौरान कॉल सेटर चलते पकड़ा गया। डीसीपी ने बताया कि इनके वॉट्सऐप चैट से अनधिकृत वेंडर की जानकारी मिली। ये डेटा फोन में एक्सल शीट के जरिए सेव किया गया था।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने की छापेमारी

**कैंटर से मिला डेढ़ क्विंटल मावा, सैंपल प्रयोगशाला भेजा; जांच रिपोर्ट के बाद होगी कार्रवाई**

अमन लेखनी समाचार

बागपत, खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने चैकिंग अभियान के दौरान पुसार गांव के पास एक कैंटर पकड़ा है। इस कैंटर से डेढ़ क्विंटल मावा मिला, जिसका सैंपल जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। सहायक खाद्य आयुक्त डीपी सिंह के



निर्देशन में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत विभाग की टीम लगातार छापेमारी कर रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। आगामी त्योहारों को देखते हुए खाद्य विभाग पूरी सतर्कता बरत रहा है। टीम गांव-गांव में दूध की भट्टियों पर भी अभियान चला रही है। लोगों को चेतावनी दी जा रही है कि खाद्य पदार्थों में मिलावट करने पर सख्त कार्रवाई होगी। डीपी सिंह ने बताया कि विभाग निरंतर चेकिंग अभियान चला रहा है। साथ ही गांवों में जाकर लोगों को मिलावटी खाद्य पदार्थों के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। मिलावट करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है।

# महिला आयोग की सदस्य ने किया स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

**साफ–सफाई पर जताई नाराजगी, अधिक शुल्क लेने पर दिए कार्रवाई के निर्देश**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य मीनाक्षी भराला और डॉ. हिमानी अग्रवाल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रोहटा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में साफ-सफाई की स्थिति को संतोषजनक नहीं पाया। इस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और तत्काल साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। आयोग की सदस्यों ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से बातचीत की। मरीजों ने उन्हें बताया कि चश्मे बनवाने के लिए अधिक शुल्क लिया जा रहा है। इस शिकायत पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एक बुजुर्ग मरीज ने बताया कि उसके बेटे ने उसे पीटा है। इस मामले को संज्ञान में



लेते हुए उन्होंने थानाध्यक्ष रोहटा को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डिलीवरी रूम में दो गर्भवती महिलाएं मिलीं, जिन्होंने नवजात बच्चों को जन्म दिया था। महिला आयोग की सदस्य ने दोनों महिलाओं से बातचीत की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने पाया कि अस्पताल में भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से संबंधित बैनर नहीं लगे थे। इस पर उन्होंने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि योजनाओं से संबंधित बैनर लगाए जाएं, जिससे आम लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। इस अवसर पर थानाध्यक्ष रोहटा नीरज कुमार बघेल, जिला मिशन समन्वयक खुशबू शर्मा और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रोहटा के सभी चिकित्सक और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बस चालक ने शराब पीकर रोडवेज कर्मी पीटा

- नशे में होने पर ड्यूटी से मना किया तो लोहे की रॉड लेकर दौड़ाया

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, भैंसाली बस डिपो पर एक बस चालक और रोडवेज कर्मी के बीच मारपीट हो गई । बस का ड्राइवर अजय कुमार नशे में बस को लेकर जा रहा था, जिसका रोडवेज कर्मी मनोज कुमार शर्मा द्वारा विरोध किया गया। इस बात पर ड्राइवर बस से उतरा और कर्मी के साथ मारपीट शुरू कर दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद जब रोडवेज के एआरएम और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे तो उसका एल्क्होल टेस्ट करने के लिए डिटेक्टर मंगवाया गया। इसके बाद उसमे डिटेल डालने के लिए जब चालक से उसका लाइसेंस नंबर मांगा तो न ही उसने वह बताया और न ही उसके पास लाइसेंस मिला। चालक ने बताया कि आज वह अपना बैग भूल गया है। मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि वह तो सिर्फ अपना काम कर रहे थे।



जैसे ही उन्होंने यह कहा कि शराब पी हुई है बस मत चलाओ, चालक गाली देता हुआ नीचे उतरा और आकर और मारपीट शुरू कर दी। अन्यकर्मियों के आने पर उसे बस में बैठाया गया तो वह बस में से भी लोहे का पाइप निकालकर जान से मारने की धमकी देने लगा। डिपो के एआरएम ने बताया कि शराब पीकर ऑन डयूटी कर्मी से मारपीट का मामला है। संबंधित थाने को सूचना दे दी है। 4922 बस का चालक अजय है। कार्रवाई की जाएगी और भविष्य में ऐसा न हो इस बात का भी ध्यान रखा जाएगा। जो यात्री उस बस में बैठने के लिए आए थे उन्होंने कहा कि शुक्र है पहले ही पता चल गया अगर यह डिपो से बस लेकर निकल जाता तो कुछ भी हो सकता था। ऐसे में जांच के बाद ही चालक को बस लेकर जाने का नियम बनाना चाहिए।

## विवाहिता ने आपसी मनमुटाव से घर में फांसी लगाकर जान देने की कोशिश की

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर। क्षेत्र की एक विवाहिता ने आपसी मनमुटाव से घर में फांसी लगाकर जान देने की कोशिश किया समय पर परिजनों ने फांसी से उतार आनंद-फानन कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया कोतवाली क्षेत्र के करहिया गांव निवासी शीला 25 वर्ष पत्नी अनुरूध्द यादव घरेलू ग्रह कलह के दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश किया परिजनों सही समय पर देख लिया फांसी से उतार कर कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## दुकान जा रहीं युवती के साथ दो युवकों ने की छेड़छाड़, पुलिस को सौपी तहरीर



अमन लेखनी समाचार

महोबा। घर से दुकान जा रही युवती से छेड़छाड़ कर बुरी नियत से पकड़ने की शिकायत घटना स्थल पर आरोपितों को डायल 112 पुलिस ने हिरासत में लेकर कोतवाली पहुंचाया ।पीड़िता के भाई द्वारा घटना की तहरीर सौपी गयी है

चरखारी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती अपनी मौसी के घर पर रहती हैं तभी पड़ोस में मकान पर सुरेंद्र और दशरथ किराए से निवास कर रहे है दोनों युवकों ने छेड़छाड़ कर बुरी नियत से पकड़ कर किराए के मकान के अन्दर खींचने लगें युवती के चिल्लाने पर मुहल्लेवासी आ गयें। युवती के भाई ने चरखारी कोतवाली में तहरीर दी है। वही डायल 112 पुलिस आरोपितों को पकड़कर कोतवाली ले आई। उपरोक्त पकड़े गए युवक गांजा का अवैध व्यापार कर रहें थें । कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि मुकदमा दर्ज कर कानून कार्रवाई की जायेंगी।

## संस्कृत विद्यालय के प्रधानाचार्य से फर्जी एडीएम ने तलब किया विद्यालय का रिकार्ड




अमन लेखनी समाचार

महोबा। श्री गुमान बिहारी संस्कृत विद्यालय चरखारी के प्रधानाचार्य तथा संस्कृत शिक्षक कल्याण परिषद के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुखन्दन मिश्र को ही एक जालशाज ने साजिश का शिकार बनाने का असफल प्रयास किया तथा फर्जी एडीएम महोबा के नाम से विद्यालय के मानदेय शिक्षकों उनकी नियुक्ति से संबंधित दस्तावेजों को तत्काल प्रभाव से व्हाटसएप पर डालने की धमकी दी गयी है और जब फर्जी एडीएम के मोबाईल नम्बर का डाटा तलाशा गया तो वह बांदा डीआईओएस आफिस का बाबू निकला और पुलिस फर्जी एडीएम की तलाश में जुट गयी है। थाना चरखारी में दिए प्रार्थना पत्र में डा. मिश्र ने बताया कि 6 अगस्त की शाम 6.45 पर उनके पास मोबाईल नम्बर 8953771268 से फोन करते हुए विद्यालय के महत्वपूर्ण दस्तावेज तत्काल व्हाटसएप पर डालने के निर्देश दिए लेकिन फर्जी एडीएम की भाषा शैली संदिग्ध होने पर डा. मिश्र ने काल डिटेल और डाटा खंगाला तो आरोपी जीतेन्द्र कुमार श्रीवास्तव निकला। डॉ. मिश्र ने बताया कि आरोपी जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय बांदा में लिपिक के पद पर कार्यरत है और जालशाजी करते हुए विद्यालय के अभिलेख हथियाना चाह रहा है। डॉ. मिश्र द्वारा थाना चरखारी में आरोपी के विरूद्ध प्रार्थना देते हुए कार्यवाही की मांग की है ह्ल साथ ही इस मामले में जनपद के एक बर्खास्त प्रधानाचार्य तथा एक बर्खास्त प्रवक्ता की साजिश है तथा उन्होंने तीनों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए कार्यवाही की मांग की है। पुलिस द्वारा अब मामले की जाँच शुरू कर दी है तथा शीघ्र अभियुक्तों के विरूद्ध कार्यवाही होगी।

## ओम्बडसमैन के प्रतिनिधियों ने लोगों द्वारा उठाए गए सवालों का दिया उत्तर



अमन लेखनी समाचार

महोबा। भारतीय रिजर्व बैंक ओम्बडसमैन कार्यालय कानपुर के तत्वावधान में पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनिल गौड, योगेंद्र सिंह और निमेष दिसौरिया ने किया। उक्त कार्यक्रम में लगभग 300 ग्राहकों सहित लगभग 150 सीनियर सिटिजन, अध्यापक एवं विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। ओम्बड्समैन के प्रतिनिधियों ने उपस्थित लोगों द्वारा उठाए गए सवालों का उत्तर दिया। इस मौके पर आरबीआईओएस 2021 से संबंधित पंपलेट और पुस्तिकाओं सहित उपभोक्ता जागरूकता सामग्री भी उपस्थित लोगों को वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान फीडबैक फॉर्म भी एकत्र किए गए। अन्त में विधालय की प्रधानाचार्या सरगम खरे ने साइबर क्राइम से जागरूक करने हेतु रिजर्व बैंक से आई टीम का आभार व्यक्त किया।

## एंटी करप्शन टीम ने चकबंदी अधिकारी कार्यालय में छापा मारकर कनिष्ठ सहायक को रिश्वत लेते दबोचा

### दाखिल खारिज के एवज में किसान पुत्र से ले रहा था रिश्वत

### एंटी करप्शन टीम ने रिश्वत लेते पकड़ा

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर, भरुआ। गुरुवार को दोपहर में एंटी करप्शन टीम ने मुख्यालय स्थित चकबंदी अधिकारी के कार्यालय में छापा मारकर कनिष्ठ सहायक को दाखिल खारिज के नाम पर किसान पुत्र से पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ दबोचकर थाने ले आई। मुकदमा दर्ज कराने के उपरांत टीम आरोपी को साथ लेकर बांदा लौट गई है गुरुवार को दोपहर में एंटी करप्शन टीम के इंस्पेक्टर संजय त्रिपाठी के नेतृत्व में बांदा से आई टीम ने चकबंदी अधिकारी के कार्यालय में छापा मारा और किसान पुत्र जीतू निषाद निवासी चंदूपुर से दाखिल खारिज के एवज में पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ दबोचकर कस्बे के थाने ले आई। यहां पर मुकदमा दर्ज कराने के बाद टीम आरोपी कनिष्ठ सहायक प्रमोद कुमार को साथ लेकर बांदा लौट गई है। एंटी करप्शन टीम ने 20 दिन के अंदर मुख्यालय में यह दूसरी कार्यवाही की है। गत 18 जुलाई को टीम ने सीएमओ कार्यालय में छापा मारकर स्वास्थ्य विभाग के लिपिक पुष्पेंद्र सिंह को 21 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़ा था।

## मंगलगढ़ किला को पर्यटन मानचित्र में शामिल कराने को रखवाया जाएगा प्रस्ताव- कप्तान सिंह



अमन लेखनी समाचार

महोबा। मंगलगढ़ किला को पर्यटक स्थल का दर्जा दिलाने के उद्देश्य से पूर्व विधायक कप्तान सिंह राजपूत ने भ्रमण किया ह्ल उन्होने बताया कि वह मंगलगढ़ किला को पुरातन एवं पर्यटन मानचित्र में शामिल कराने हेतु हमीरपुर सांसद अजेद्र सिंह राजपूत के माध्यम से केंद्रीय सांस्कृतिक एवं पुरातन, पर्यटन मंत्री के समक्ष एवं सदन में प्रस्ताव रखा जायेगा। चरखारी विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक कप्तान सिंह राजपूत ने कहा चरखारी क्षेत्र में पर्यटन की सम्भावना है। उन्होंने कहा कि देश विदेश के बाहरी सैलानियों के ठहरने भोजन ,के लिए रेस्टोरेंट, होटल, आवागमन से सम्बंधित बिंदुओं पर पर्यटन स्थल विकसित हेतु जनप्रतिनिधियों, व्यावसायिक, टूरिस्ट गाइड, टूरिस्ट वाहन स्वामी के साथ एक सेमिनार आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि पप्पू कुशवाहा, अंशुल यादव,पवन यादव, जीतेन्द्र यादव रिव ?ई, रामकिशन महाराज आदि मौजूद रहें।

## मण्डलायुक्त एवं डीआईजी ने कजली मेला ग्राउंड का स्थलीय निरीक्षण कर परखी व्यवस्थाएं

अमन लेखनी समाचार/अखिलेश द्विवेदी



महोबा ह्ल बुंदेलखंड की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा के प्रतीक ऐतिहासिक कजली मेला महोत्सव की भव्य तैयारियों की समीक्षा हेतु गुरुवार को मण्डलायुक्त चित्रकूटधाम अजीत कुमार एवं डीआईजी चित्रकूटधाम राजेश एस. द्वारा मेला स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी गजल भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह तथा जनपद के समस्त प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति रही।

निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त एवं डीआईजी ने मेले की सुरक्षा, यातायात एवं भीड़ प्रबंधन को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि मेले में आने वाले आगंतुकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए व्यापक पुलिस प्रबंध सुनिश्चित किया जाए ह्ल उच्चाधिकारियों ने मेला प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की और समुचित सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत भीड़ प्रबंधन और यातायात व्यवस्था के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त कर निर्देशित किया कि मेला स्थल के भीतर वाहनों के प्रवेश पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया जाये। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए स्पष्ट मार्ग निर्धारण किया जाए और यातायात डायवर्जन प्लान बनाकर यातायात व्यवस्था को सुदृढ बनाये रखा जाये ह्ल पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने मण्डलायुक्त एवं डीआईजी को आश्वस्त किया कि मेले के सफल एवं सुरक्षित आयोजन हेतु पर्याप्त पुलिस बल, सीसीटीवी कैमरे, महिला सुरक्षा बल, एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इस निरीक्षण के अवसर पर अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश, अपर जिलाधिकारी मुइनुल इस्लाम, उपजिलाधिकारी सदर शिवध्यान पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी सदर दीपक दुबे, पीआरओ पुलिस अधीक्षक विषय देव बुंदेला, प्रभारी यातायात सुनील कुमार सिंह, सहित अन्य प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों ने सड़क किनारे झाड़ियों की सफाई की मांग की



अमन लेखनी समाचार

जैतपुर/महोबा ।क्षेत्र के ग्रामीणों ने प्रशासन से आह्वान किया है कि अजनर कोठी से पुरवा जैतपुर मार्ग पर सड़क किनारे फैली झाड़ियों की शीघ्र सफाई की जाए। दिनेश पांचाल, इंद्रेश राजपूत, कैलाश नाई सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग पर घास और झाड़ियां बहुत अधिक फैल चुकी हैं, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है ।ग्रामीणों के अनुसार, विशेष रूप से क्रॉसिंग के दौरान लोग इन झाड़ियों के कारण चोटिल हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व ग्राम प्रधान इन्द्रपाल राजपूत ने इस संबंध में पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता से भी वार्ता की थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है ।स्थानीय लोगों का कहना है कि अजनर कोठी से पुरवा जैतपुर मार्ग लगभग तीन किलोमीटर लंबा है, जिसमें सड़क के दोनों ओर कीकड़, सुबूल और अन्य झाड़ियां फैल गई हैं। खासकर नहर की पुलिया से पुरवा जैतपुर मार्ग तक का लगभग एक किलोमीटर हिस्सा बेहद खराब स्थिति में है, जिससे ग्रामीणों का निकलना और भी कठिन हो गया है ।ग्रामीण प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि इस समस्या का शीघ्र समाधान किया जाए ताकि सड़क मार्ग से सुरक्षित और सुगम आवागमन सुनिश्चित किया जा सके।

## संस्कृति बोध परियोजना की बैठक सम्पन्न



अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज में संस्कृति बोध परियोजना की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमे संस्कृति बोध परियोजना के क्षेत्रीय प्रमुख राजेन्द्र देव त्रिपाठी के साथ संकुल के सभी प्रधानाचार्य बन्धुओ की बैठक सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज में सम्पन्न हुई। उक्त बैठक में सभी विद्यालयो के गत वर्ष के संस्कृति बोध परियोजना अभियान की समीक्षा तथा वर्तमान सत्र के लक्ष्य के विषय में विस्तृत चर्चा हुई। तथा अभियान के बारे मे योजना बनाई गयी। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रमुख ने विद्यालय के प्रधानाचार्य रामप्रकाश गुप्ता (संकुल प्रमुख) के साथ विद्यालय के पूर्व छात्र एवं मातृभारती अभिभावक एवं विद्यालय के आचार्यो के साथ विस्तृत बैठक की। बैठक मे संकुल के सभी प्रधानाचार्य एवं प्रान्तीय सेवा संयोजक शिव सिंह एवं झांसी सम्भाग के सम्भाग निरीक्षक शिवकरण उपस्थित रहे। यह जानकारी विद्यालय के मीडिया प्रभारी आचार्य वेदप्रकाश शुक्ल ने दी।

## पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत

### स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पीएसआई इंडिया व केनव्यू के सहयोग से आयोजित की गयी थी प्रतियोगिता

अमन लेखनी समाचार



बदायूं। डायरिया रोको अभियान के तहत पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय आमगांव ब्लाक-जगत और राजकीय महाविद्यालय आवास-विकास, बदायूं में आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को बृहस्पतिवार को कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जावेद हुसैन ने सीएमओ कार्यालय में पुरस्कृत और सम्मानित किया। यह प्रतियोगिता गत दिनों स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) और केनव्यू के सहयोग से आयोजित की गयी थी।

डायरिया से डर नहींह्व विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों को डायरिया से सुरक्षित बनाने का संदेश जन-जन तक पहुँचाना था। इसके माध्यम से डायरिया के लक्षण, बचाव व उपचार के बारे में जानकारी प्रदान की गयी थी। पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय आमगांव में आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में पहले स्थान पर रहीं प्राची, दूसरे स्थान पर रहीं प्रतिज्ञा और तीसरे स्थान पर रहे प्रांशु को आज पुरस्कृत व सम्मानित किया गया। इसके साथ ही राजकीय महाविद्यालय आवास-विकास में आयोजित प्रतियोगिता में पहले स्थान पर रहीं भव्या मौर्या, दूसरे स्थान पर रहीं सुरभि भारती और तीसरे स्थान पर रहीं शिवानी को भी पुरस्कृत और सम्मानित किया गया। इस मौके पर एसीएमओ (आरसीएच) डॉ. राजवीर सिंह राठौर, एसीएमओ डॉ. श्रीमोहन झा, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी (डीआईओ) डॉ. मो. असलम, डॉ. मो. तहसीन, डॉ. निरंजन सिंह, डॉ. पवन कुमार, डॉ. अमित रस्तोगी, डिप्टी सीएमओ डॉ. पवन जायसी, कमलेश शर्मा जिला प्रोग्राम मैनेजर, अरविंद कुमार राणा जिला कम्यूनिटी प्रोसेस मैनेजर, उमेश राठौर अर्बन हेल्थ को आर्डिनेटर, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन से अभय सिंह राठौर, संतोष और पीएसआई इंडिया से शशांक दुबे व दानिश वर आदि उपस्थित रहे।

## विहिप के नेतृत्व में मनाया गया रक्षाबंधन पर्व बहनों ने भाइयों की कलाई में बांधा रक्षा सूत्र

अमन लेखनी समाचार



भरुआ, सुमेरपुर। कस्बे की ठडेश्वरी आश्रम में विश्व हिंदू परिषद,दुर्गा वाहिनी,मातृशक्ति के तत्वावधान में मेहंदी व रक्षाबंधन का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि विहिप जिलाध्यक्ष रामदत्त पाण्डेय, अवधेश व विभाग संगठन मंत्री विकास सम्मिलित हुए कार्यक्रम का प्रारंभ ब्रह्मनाद के साथ हुआ। जिसमें मौजूद बहनों ने एक दूसरे के हाथों पर मेहंदी लगाई ।इसके बाद बहनों ने कार्यक्रम मौजूद भाइयों की आरती कर कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा और मिठाई खिलाई। वक्ताओं ने रक्षाबंधन के विषय पर विस्तृत जानकारी दी। जिला बलोपासना प्रमुख रामजी अवस्थी,जिला संयोजिका दुर्गा वाहिनी आकांक्षा द्विवेदी, जिला सह संयोजिका सरिता तिवारी, जिला छात्रा सम्पर्क प्रमुख अनामिका,मुस्कुरा प्रखंड अध्यक्ष ओम नारायण गुप्ता, सुमेरपुर प्रखंड अध्यक्ष राघवेन्द्र ,उपाध्यक्ष पंकज,मिलन प्रमुख राघव, बस्ती संयोजक अमित श्रीवास्तव, अमित, प्रिया , प्रियांशी, अंशिका, मुस्कान, शिल्पी, चाहत, कल्पना, लक्षिता, खुशी, सीता आदि मौजूद रहे है

## 6 दिन तक दिन रात चली राहत रसोई

### मोदी रसोई का समापन क्योंकि यमुना व बेतवा का जलस्तर लगातार कम हो रहा है और लोग अपने अपने घरों की ओर वापस लौट रहे है

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर ।सहयोगियों से, जिन्होंने भी मोदी रसोई के माध्यम से इस आपदा के समय में तन, मन व धन से सहयोग किया है मै उनका आभारी हूँ जिनकी वजह से हम इस कार्य के माध्यम बने मै आप सभी से कहना चाहता हूं कि नगर या जनपद के आस पास किसी भी जगह आयी किसी भी तरह की आपदा विपदा को किसी भी राजनीतिक दृष्टिकोण से न देखकर, इसे एक सामूहिक चुनौती के रूप में समझना चाहिए। हमें राजनीतिक दलों से ऊपर उठकर, शहर के हित में काम करना होगा नगर की अपनी सीमाएं हैं, लेकिन भविष्य में सुधार की योजनाएं बनाई जा रहीं हैं जो ऐसी आपदाओं से निपटने में मदद करेंगी। इसके लिए आम जनता, प्रशासन, और राजनीतिक दलों को मिलकर काम करना होगा आइए हम मिलकर जनपद को बेहतर बनाने के लिए काम करें और भविष्य में ऐसी आपदाओं के प्रभाव को कम करने के लिए प्रयासरत रहें हमें शहर के विकास और सुरक्षा के लिए एकजुट होना होगा इस आपदा से प्रभावित हुए सभी लोगों के प्रति हमारी गहरी सहानुभूति है, जिन्होंने इस आपदा में भारी नुकसान का सामना किया है। उनकी पीड़ा और संघर्ष को समझना और उनके साथ खड़े रहना हमारा कर्तव्य है हमारी संवेदनाएं उनके साथ हैं और हम उनके शीघ्र उभार और पुनर्वास के लिए प्रार्थना करते है कुलदीप निषाद चैयरमैन नगरपालिका हमीरपुर ।

## जन गण मन के रचयिता रवीन्द्र नाथ टैगोर की मनाई गयी पुण्यतिथि

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। कस्बे की वर्णिता संस्था के तत्वावधान में साहित्य के सूरमा रवीन्द्र नाथ टैगोर की पुण्यतिथि मनाई गई संस्था के अध्यक्ष डॉ.भवानीदीन ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि इनकी देश के प्रति भूमिका को नकारा नहीं जा सकता है। इनका जन्म सात मई 1861 को कोलकाता में देवेन्द्र नाथ टैगोर एवं शारदा देवी के घर हुआ था। इनकी शिक्षा तो अधिक नहीं थी। लेकिन प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे। वह जन गण मन नामक राष्ट्र गान के रचयिता तथा गीतांजलि नाम की अमर कृति के कृतिकार थे। इसी कृति के कारण साहित्य में नोबुल पुरस्कार के विजेता बने थे। ?इन्होने कई पुस्तकें लिखी। कालांतर में इनका सात अगस्त 1941 को कोलकाता में निधन हो गया था। कार्यक्रम में



बाबूलाल,सिद्धा,प्रेम, रिचा, पंकज सिंह, महावीर,सागर, विकास, अशोक अवस्थी, रामनारायन, कमलेश सोनकर, दस्सी व राहुल प्रजापति आदि शामिल रहे।

## बारिश से बर्बाद हुई फसलों को लेकर गौरहरी पहुंच टीम ने किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

महोबा। विगत एक माह से निरन्तर हो रही बारिश से आंशिक राहत मिलते ही प्रशासन व बीमा कम्पनी के नुमाइंदें फसलों के हुए नुकसान का सर्वे करने खेतों पर पहुंचना शुरू हो गए हैं और गुरूवार को ग्राम गौरहरी में टीम द्वारा खेतों में पहुंचकर बुवी फसलों का निरीक्षण किया। फसल निरीक्षण के दौरान प्रधानमन्त्री फसल बीमा कम्पनी इफ्को टोकियो के ब्लाक कोआडीर्नेटर गोविन्द, कृषि विभाग चरखारी के चन्द्रहास राजपूत तथा लेखपाल उमेश सोनकर ने खेतों में पहुंचकर उर्द, मूंग, तिली, मूंगफली आदि फसलों के नुकसान का जायजा लिया है। बताते चलें कि विगत एक माह से चल रही बारिश तथा एक सप्ताह से अधिक अतिवृष्टि के कारण 50 प्रतिशत बोई हुई फसलें खेतों पर ही सड़ गयी हैं जबकि 50 प्रतिशत खेतों में बुवाई ही नही हो पायी है और जिन



खेतों में बुवाई हो चुकी है यदि उनका सर्वे न होने पर किसान चिन्तित थे और प्रशासन से लगातार सर्वे की मांग कर रहे हैं। लेकिन अब बारिश में रूकावट होने पर जांच टीमें खेतों पर पहुंचना शुरू हो गयी हैं जिससे किसानों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address
amanlekhaninews@gmail.com

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'हेड ऑफ स्टेट्स' में पर्दे से निकली अमेरिकी कूटनीति की नई पटकथा



जुलाई की शुरुआत में प्रियंका चोपड़ा की फिल्म 'हेड ऑफ स्टेट्स' रिलीज हुई थी। इस फिल्म को लेकर काफी बज भी नजर आया था। इस फिल्म में प्रियंका के अपोजिट जॉन सीना नजर आए थे। फिल्म किस नेरेटिव से होकर गुजरती है और इसकी प्रस्तुति कैसी है, यह जानने दर्शक भी उत्सुक हैं। प्राइम वीडियो पर हाल ही में रिलीज हुई फिल्म हेड ऑफ स्टेट न केवल एक हाई-ऑक्टेन एक्शन फिल्म है, बल्कि यह पश्चिमी कूटनीतिक सोच, सत्ता की संरचना और वैश्विक गठबंधनों विशेष रूप से नाटो को लेकर बनाए गए नेरेटिव की एक सधी हुई प्रस्तुति है। इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा एक एमआई 6 एजेंट की भूमिका में हैं जो ब्रिटिश प्रधानमंत्री की पूर्व प्रेमिका भी हैं। फिल्म का नायक एक एक्शन हीरो से अमेरिका का राष्ट्रपति बनता है और अंततः एक अंतरराष्ट्रीय संकट का नायक बनकर उभरता है। फ़िल्म का मूल संदेश यह है कि चाहे दुनिया कितनी ही विघटित क्यों न हो जाए, अगर अमेरिका और ब्रिटेन साथ हैं, तो सब कुछ ठीक हो सकता है। यह स्क्रिप्ट इतनी जानी-पहचानी है कि अब यह क्लासिक बन चुकी है। फिल्म की कहानी उस समय सेट की गई है जब अमेरिका और उसके सहयोगी देशों के बीच अविश्वास की खाई चौड़ी हो चुकी है। यूरोपीय राष्ट्र नाटो से अलग होने की कगार पर हैं, और अमेरिका का राष्ट्रपति खुद एक झटके में अकेला रह जाता है। लेकिन जैसे ही दुश्मन सक्रिय होता है, वही पुराने नैरेटिव वापस लौट आते हैं लोकतंत्र खतरे में है, पश्चिमी मूल्य प्रणाली को बचाना है, और हम नहीं लड़े, तो दुनिया बर्बाद हो जाएगी।

### टॉलीवुड

## सलमान की नई फिल्म 'डीक्यू41' की लॉन्च पर नानी भी दिखे साथ



अभिनेता दुलकर सलमान नई फिल्म 'डीक्यू41' में नजर आएंगे। कुछ ही देर पहले निर्माताओं ने फिल्म के शुभारंभ की शानदार तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कर फिल्म की घोषणा की है। इस मौके पर नेचुरल स्टार नानी भी शामिल हुए।

सीता रामम और लकी भास्कर जैसी तेलुगु फिल्मों से दर्शकों का दिल जीत चुके दुलकर सलमान ने आज सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी आगामी फिल्म 'डीक्यू41' की घोषणा की है। उन्होंने शुभारंभ की कई शानदार तस्वीरें शेयर कीं। इस लॉन्च पर साउथ नेचुरल स्टार नानी भी नजर आए।

आज हैदराबाद में एक बड़े लॉन्च इवेंट में दुलकर सलमान की नई फिल्म 'डीक्यू41' की घोषणा की गई। इस मौके पर साउथ स्टार नानी, जो दुलकर के अच्छे दोस्त हैं, उन्होंने शुभ मुहूर्त शॉट के लिए क्लैपबोर्ड बजाया। निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर इस इवेंट की तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें दुलकर और नानी नजर आ रहे हैं। उन्होंने लिखा कि यह फिल्म एक दिल को छूने वाली प्रेम कहानी है, जिसका पूजा समारोह भव्य रूप से हुआ। इन शानदार तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा, 'बहुप्रतीक्षित डीक्यू41 - एक दिल को छू लेने वाली समकालीन प्रेम कहानी - एक पूजा समारोह के साथ भव्य रूप से लॉन्च हुई।'

निर्देशक बुची बाबू सना ने कैमरा शुरू किया, जबकि नानी, गुन्नम संदीप और राम्या गुन्नम ने स्क्रिप्ट सौंपी। पहला शॉट रवि नेलाकुदिति ने खुद डायरेक्ट किया। इस मौके पर निर्देशक श्रीकांत ओडेला भी मौजूद थे। फिल्म की शूटिंग आज से शुरू हो चुकी है। सिनेमैटोग्राफी अनय ओम गोस्वामी करेंगे, संगीत जीवी प्रकाश कुमार देंगे और प्रोडक्शन डिजाइन अविनाश कोल्ला का होगा। यह फिल्म पूरे भारत में रिलीज होगी।

### भोजपुरी

## 'हर बार टूटने के बाद भी...', अक्षरा ने शेयर किया क्रिप्टिक पोस्ट



अभिनेत्री अक्षरा सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें वे जिंदगी और सकारात्मकता की बात करती दिखी हैं। भोजपुरी इंडस्ट्री की चर्चित एक्ट्रेस अक्षरा सिंह सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं। अक्सर वे यहां अपने स्टाइलिश लुक शेयर करती हैं, साथ ही अपनी पर्सनल-प्रोफेशनल लाइफ से जुड़े अपडेट भी शेयर करती दिखती हैं। उन्होंने एक पोस्ट शेयर किया है। इसके साथ क्रिप्टिक कैप्शन लिखा है।अक्षरा ट्रेडिशनल लुक में दुपट्टा फ्लॉन्ट करते हुए पोज देती दिख रही हैं। इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, 'कठोर होना आसान है इस दुनिया में, पर हर बार टूटने के बाद भी कोमल दिल के साथ जीना, वह हिम्मत है'। अक्षरा सिंह ने अपने पोस्ट के साथ लिखा है, 'दूसरों के प्रित करुण रहें'। नेटिजन्स की इस पोस्ट पर सकारात्मक प्रतिक्रिया आ रही है। अधिकांश लोग रेड हार्ट इमोजी बना रहे हैं। उनके लुक के साथ-साथ कैप्शन की तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'सही कहा अक्षरा बहन'। एक अन्य यूजर ने लिखा है, 'अक्षरा अब आपको बॉलीवुड जाना चाहिए'। एक्ट्रेस अक्षरा सिंह की निजी जिंदगी की अगर बात करें तो उनका नाम भोजपुरी इंडस्ट्री के पावर स्टार पवन सिंह के साथ जुड़ चुका है। कभी अक्षरा सिंह और पवन सिंह का कथित अफेयर खूब सुर्खियों में रहा। दोनों ने साथ में फिल्मों में काम भी किया। हालांकि, अब दोनों की राहें जुदा हैं।




राजस्थान का 'दाबू' शिल्प

मुंबई का लैक्मे फैशन वीक देश और दुनिया में अपनी अलग पहचान रखता है। इस बार फोकस था टिकाऊ यानि सस्टेनेबल फैशन पर। जिसमें पाँच से ज़्यादा डिज़ाइनरों और लेबल्स ने खादी और भारत के अन्य स्वदेशी वस्त्रों और शिल्पों पर अपनी राय पेश की। यहां राजस्थान की हैंडब्लॉक प्रिंटिंग तकनीक 'दाबू' को खास तौर पर पसंद किया गया। डिजाइनर अनाविला ने इस कला का इस्तेमाल अपने कलेक्शन में किया।

## राखी के लिए इस फेसपैक से दमकाएं अपना चेहरा



अब रक्षाबंधन के त्योहार में कुछ ही दिन बचे हैं। इस साल राखी का त्योहार 9 अगस्त, दिन शनिवार को मनाया जाएगा। ये दिन भाई-बहनों के लिए बेहद खास होता है, इसलिए इस दिन खास तरह से तैयार होना तो बनता है। अगर आप भी राखी के दिन सबसे अलग दिखना चाहते हैं तो आज से राखी तक के बीच के समय में एक फेस पैक इस्तेमाल करें। ये फेस पैक चेहरे को तुरंत निखारने में मदद करता है, जो राखी जैसे पर्व के लिए एकदम सही है।

फेस पैक बनाने एक बड़ा चम्मच बेसन, 1/4 छोटा चम्मच हल्दी और 1 छोटा चम्मच दही चाहिए। इस फेसपैक को बनाना काफी आसान है। इसके लिए सबसे पहले तो एक कटोरी में एक बड़ा चम्मच बेसन ले लें। अब इस बेसन में चुटकीभर हल्दी मिक्स करें। इन दोनों चीजों को मिक्स करने के बाद थोड़ा-थोड़ा करके दही मिक्स करें। ध्यान रखें दही सिर्फ इतना ही हो, जिससे हल्दी और बेसन का गाढ़ा पेस्ट बन के तैयार हो जाए। ये पेस्ट न तो ज्यादा गाढ़ा होना चाहिए और न ही पतला।

कैसे करें इस्तेमाल ?

फेसपैक तैयार होने के बाद बारी आती है इसे सही से अप्लाई करने की। तो उसके लिए सबसे पहले अपने चेहरे को अच्छी तरह से धो लें। गंदे चेहरे पर फेसपैक इस्तेमाल करने का कोई फायदा नहीं है। चेहरा धोने के बाद इस पैक को ब्रश की मदद से अपने चेहरे और गर्दन पर अप्लाई करें। अब इसे कम से कम बीस मिनट के लिए ऐसे ही लगा रहने दें। 20 मिनट के बाद अपने चेहरे को हलका गीला करें और मसाज करते हुए फेस पैक को साफ कर लें। इससे ये आसानी से हट जाएगा।

बरतें ये सावधानी

आप आज से लेकर राखी के त्योहार के बीच में दो बार इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। इस फेस पैक को बनाते समय आपको खास सावधानी बरतने की जरूरत है। जैसे कि अगर आप हल्दी ज्यादा डालेंगी तो आपका चेहरा पीला पड़ सकता है। इसलिए हल्दी की मात्रा का खास ध्यान रखें। हल्दी और दही हर किसी को सूट नहीं करता है, इसलिए इसके इस्तेमाल से पहले एक बार पैच टेस्ट अवश्य करें, ताकि एलर्जी की संभावना न रहे।

## एलिगेंट लुक के लिए बेस्ट हैं डिजाइनर साड़ी, इस तरह करें स्टाइल



साड़ी में एलिगेंट लुक पाने के लिए आप इस तरह की डिजाइनर साड़ी का चुनाव कर सकती हैं और इस साड़ी में आपका लुक अलग और सुंदर नजर आएगा। हर महिला को साड़ी स्टाइल करना पसंद होता है। इसलिए कई सारे खास मौकों पर ब्यूटीफुल नजर आने के लिए महिलाएं बेस्ट साड़ी का चुनाव करती हैं। आजकल बाजार में आपको कई तरह साड़ी के ऑप्शन मिल जाएंगे। जिसे आप पहनकर सुंदर नजर आएंगी। लेकिन, अगर आपको कुछ न्यू ट्राई करना है, तो इसके लिए इस आर्टिकल में दिखाई गई डिजाइनर साड़ी स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी स्टाइल करने के बाद आपका लुक एलिगेंट नजर आएगा।



### एलिगेंट लुक के लिए डिजाइनर साड़ी करें ट्राई

एलिगेंट लुक पाने के लिए आपको कुछ डिजाइनर साड़ी के ऑप्शन देखने चाहिए। इस तरह की साड़ी में आपका लुक सुंदर नजर आएगा और इस तरह की साड़ी कई सारे खास मौकों पर स्टाइल कर सकती हैं।



### प्रिंटेड साड़ी

अपने लुक को परफेक्ट तरीके से क्रिएट करने के लिए आप इस तरह की डिजिटल प्रिंटेड साड़ी स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी में प्रिंट करके डिजाइन बनाया गया है। इसके अलावा इस साड़ी के बॉर्डर पर भी वर्क किया हुआ है। इस साड़ी को आप स्लीवलेस वाला ब्लाउज वियर कर सकती हैं साथ ही, इस साड़ी के साथ आप हैवी ज्वेलरी वियर करें। मार्केट और ऑनलाइन प्लेटफार्म दोनों ही जगहों पर आपको ये साड़ी 1,500 रुपये में मिल जाएंगी।

### जरी वर्क साड़ी

अगर आपको सिंपल साड़ी चाहिए, तो ऐसे में आप इस तरह की जरी वर्क साड़ी का चुनाव कर सकती हैं। इस साड़ी के बॉर्डर में जरी वर्क किया हुआ है और इस तरह की साड़ी को स्टाइल करने के बाद आपका लुक अच्छा लगेगा। यह साड़ी आपको कई सारे कलर ऑप्शन के साथ 1 हजार रुपये में मिल सकती है। इस साड़ी में आपने लुक को कम्पलीट करने के लिए आप सिंपल नेकलेस और झुमके स्टाइल कर सकती हैं।

## सोने की अंगूठी की नई डिजाइन से आपको मिलेगा रॉयल लुक



हर मां अपनी बेटी के लिए सोने की ज्वेलरी बनाकर रखती हैं।ऐसे में अगर आप भी अपनी बेटी या बहु के लिए सोने की ज्वेलरी में अंगूठी बनवाने का सोच रही हैं और आप अंगूठी की नई डिजाइन भी तलाश रही हैं, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं हैं।

### स्क्वायर शेप लीफ गोल्ड रिंग डिजाइन

फैशन के बदलते दौर में अधिकतर महिलाएं डिजाइनर और नग वाली अंगूठी पहनना पसंद करती हैं। अगर आप भी अपने हाथों की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए अंगूठी की डिजाइन तलाश रही हैं, तो आप इस खूबसूरत स्क्वायर शेप लीफ गोल्ड रिंग डिजाइन को शामिल कर सकती हैं। यही नहीं इस तरह की अंगूठी की डिजाइन आप अपनी बेटी के लिए भी बनवा सकती हैं। इसे आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।

### फ्लोरल इंस्पायर्ड गोल्ड रिंग डिजाइन

अगर आप अपनी बेटी या बहु के लिए गोल्ड रिंग तलाश रही हैं, तो अब आप उन्हें यह खूबसूरत फ्लोरल इंस्पायर्ड गोल्ड रिंग डिजाइन को भी गिफ्ट में दे सकती हैं। इस तरह की रिंग को आप कन्यादान या मुह दिखाई के वक्त दे कर अपनी बेटी या बहू को खुश कर सकती हैं। इसकी डिजाइन को देखते ही आपकी बेटी या बहू खुशी से झूम उठेगी। इस डिजाइन वाली अंगूठी को आप सुनार के यहां बनवा सकती हैं या ऑनलाइन भी खरीद सकती हैं।अगर आप किसी त्यौहार पर अपने लुक को खास बनाना चाहती हैं और ऐसे में ऑउटफिट के साथ पहनने के लिए सोने की ज्वेलरी भी तलाश रही हैं, तो आपके लिए यह खूबसूरत मैंगो डिजाइन गोल्ड रिंग भी एक बेस्ट ऑप्शन हो सकता है।

## रक्षाबंधन को खास बनाने ब्लाउज के खूबसूरत बैक डिजाइन

रक्षाबंधन के खास मौके पर अगर आप भी साड़ी पहनने का सोच रही है और इसके लिए साड़ी के साथ ब्लाउज बनवाने वाली है, तो अब आप ब्लाउज बनवाने से थोड़ा विचार करें। आपको कुछ ऐसी खूबसूरत बैक नेकलाइन डिजाइन के बारे में जानना चाहिए।

### बैक वी-नेकलाइन के साथ कट आउट

अगर आप रक्षाबंधन पर साड़ी पहनने का प्लान कर रही हैं और इसके साथ डिजाइनर ब्लाउज शामिल करने वाली है, तो अब इस खूबसूरत वी-नेकलाइन के साथ कट आउट डिजाइन को बनवा सकती है। इस तरह की बैक बैक नेक लाइन आपके साड़ी लुक को डिफरेंट और एलिगेंट टच देने में मदद करेंगी और इस साल रक्षाबंधन के त्यौहार को यादगार भी बना देगी। आप ऐसे ब्लाउज को बाजार से कपडा लेकर बनवा सकती हैं।



### टाई-बैक डोरी के साथ यू-आकार स्कैलप्ड किनारा डिजाइन

साड़ी के साथ कौन सा ब्लाउज सही रहेगा और किस तरह की नेकलाइन बेस्ट है। इस बात को लेकर अगर आप भी कंफ्यूज रहती है, तो अब आप इस खूबसूरत टाई-बैक डोरी के साथ यू-आकार स्कैलप्ड किनारा डिजाइन करवा सकती है। इस तरह की नेकलाइन आपके लुक को गॉर्जियस बनाने हैं मदद करेंगी। आप इस तरह के ब्लाउज को किसी भी टेलर से बनवा सकती हैं।

कार्नर न्यूज

### बहनें तो अपना ध्यान रख लेंगी लेकिन भाईयों को चाहिए कुछ खास टिप्स

## भाई ऐसे हों तैयार, देखकर बहनें उतारेंगी नजर

रक्षाबंधन के त्यौहार के लिए लड़कियां काफी उत्साहित रहती हैं। इसके लिए वह पहले से ही अपने लिए काफी खरीदारी करते हैं। इसमें ट्रेंडी आउटफिट, ज्वेलरी और फुटवियर भी शामिल होता है। हर लड़की चाहती है कि वह रक्षाबंधन के दिन सबसे खूबसूरत दिखें। इसकी वजह है कि राखी का त्यौहार साल भर में एक बार आता है और यह हर भाई-बहन के लिए बेहद खास होता है। बहनें तो इस दिन खास दिखने के लिए तैयारी कर लेती है लेकिन लड़कों को समझ नहीं आता कि वह कैसे तैयार हों और कैसे कपड़े पहनें।

हर लड़का चाहता है कि जब उसकी बहन उसकी कलाई पर राखी बांधे और यह पल जब कैमरे में कैद हो तो वह खुद भी अच्छा दिखे। ऐसे में लड़कों के लिए भी हैंडसम दिखना बेहद जरूरी होता है। इसी के चलते आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताएंगे जिनको अपना कर आप भी रक्षाबंधन के दिन हैंडसम देख पाएंगे। अगर आप बताई गई टिप्स को फॉलो करके तैयार होंगे और ट्रेंडी कपड़े पहनेंगे



तो आपकी बहनें भी आपकी नजर उतरेंगी।

### करें ग्रूमिंग

राखी के दिन तैयार होने के लिए सबसे पहले शेव करें और बालों को सही से सेट कर लें। ये आपके लुक को स्टाइलिश बनाने में मदद करेगी।

### फेस वॉश

राखी के लिए तैयार होने से पहले चेहरे को सही से साफ कर लें, ताकि त्वचा पर किसी तरह की गंदगी ना हो। इसके साथ ही अपने चेहरे को मॉइश्चराइज जरूर करें।

पहनें इस तरह का आउटफिट

राखी के त्योहार पर हैंडसम दिखने के लिए अगर आप चाहें इस तरह का लुक कैरी कर सकते हैं। धोती-कुर्ता के साथ ये जैकेट आपके लुक को पूरा करने में मदद करेगी।

पहन सकते हैं कुर्ता और पैंट

अगर आप धोती कुर्ता पहनना नहीं चाहते तो इस तरह का कुर्ता और पैंट कैरी करें। ये भी देखने में स्टाइलिश लगता है। इसे पहनकर आपकी तस्वीरें भी अच्छी आएंगी।

